दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी

बदल रहा है अंदाज .....

नासमझी

वर्ष : 10 अंक : 282 लखनऊ, 23 सितम्बर , सोमवार 2024 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

सीएम योगी ने गौरव संग्रहालय के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां सिविल लाइन इलाके में गौरव संग्रहालय के निर्माण कार्यों का शनिवार को निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निमार्णाधीन संग्रहालय की दीघाओं में वैदिक काल, उपनिषद काल, रामायण काल, पुराण काल, नाथ परम्परा, बुद्व काल, स्वतंत्रता संग्राम तथा पूर्वांचल के गौरव आदि विषयों के सम्बन्ध में जानकारी दी जाए। गोरखपुर में आने वाले देश व विदेश के पर्यटकों के ज्ञान और मनोरंजन के दृष्टिगत पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 21 करोड़ रुपये की लागत से 1.60 एकड़ भूमि पर गौरव संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस योजना के अन्तर्गत संग्रहालय का निर्माण द्वितीय तल तक कियाजाना है।

योगी ने गोरखपुर में अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर में फरियादियों की समस्या सुनकर अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। योगी आदित्यनाथ के कार्यालय ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का एक मिनट 17 सेकंड का एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, सबकी सुरक्षा और सभी को न्याय के संकल्प के साथ सतत क्रियाशील हैं महाराज जी... । इसमें कहा गया है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखनाथ परिसर में जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनीं एवं संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु निर्देश दिए।

हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ऋण लेती है, सोनिया गांधी को दे देती है : कंगना रनौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

शिमला । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद कंगना रनौत ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश सरकार ऋण लेती है और इसे कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को दे देती है, जिससे राज्य का खजाना खाली हो गया है। रनौत ने यहां एक गांव में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरूआत करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कहा, हर कोई जानता है कि भ्रष्टाचार व्याप्त है और कांग्रेस शासित राज्य सरकारों ने अपने-अपने राज्यों को खोखला कर दिया है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि पार्टी (कांग्रेस) चुनावों पर इतना अधिक खर्च कैसे करती है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए भाजपा सांसद ने कहा, वे कर्ज लेते हैं और सोनिया गांधी को देते हैं जिससे राज्य खाली हो गया है। रनौत ने कहा, आपदाओं और कांग्रेस सरकार ने राज्य

को दशकों पीछे धकेल दिया है और मैं लोगों से मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील करती हूं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, अगर हम आपदा निधि देते हैं तो वह मुख्यमंत्री राहत कोष में जानी चाहिए, लेकिन सभी जानते हैं कि वह सोनिया राहत कोष में जाती है। हाल में हुए लोकसभा चुनाव में रनौत के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर कटाक्ष करते हुए मंडी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा सांसद ने कहा, एक राजा के बेटे की हरकतें सभी को पता हैं और लोग सड़कों पर गड्ढों से थक चुके हैं।

जाति के आधार पर तैनात किए जा रहे एसडीएम और बीएलओ

अखिलेश यादव का दावा- फिर भी सभी 10 सीटों पर जीतेगी सपा

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर से जाति के आधार पर तैनाती करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश सरकार पर हमला किया। उन्होंने शनिवार को कहा कि भाजपा हार से डरी हुई है। ये बीएलओ को हटा रहे है। जाति के आधार पर एसडीएम और बीएलओ की तैनाती हो रही है। इसके बाद भी भाजपा विधानसभा उपचुनाव में सभी 10 सीटें हारेगी। इसके बाद भाजपा विधानसभा का चुनाव भी हारेगी और इनकी कुर्सी भी छिनना तय है।

पीडीए लड़ने जा रहा बड़ी लड़ाई: अखिलेश

सपा प्रमुख ने बयान जारी करते हुए कहा कि पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) बड़ी लड़ाई लड़ने जा रहा है। पीडीए सबको साथ

लेकर चलने का काम करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। थाने, तहसील से लेकर हर स्तर पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। भाजपा के नेता खुद स्वीकार करते है कि इस सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इतना भ्रष्टाचार पहले कभी नहीं था। भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ खुद इनके गठबंधन के विधायक को धरना देना पड़ रहा है। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है। सरकार फसलों के लिए डीएपी और अन्य उर्वरक नहीं उपलब्ध करा पा रही है।

नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर के सदस्य प्रवीण दास ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से पार्टी मुख्यालय में मुलाकात की। उन्होंने भगवान पशुपतिनाथ पर चढ़ाई माला भेंट कर अखिलेश यादव को विजयी होने का भी आशीर्वाद दिया। सपा प्रमुख ने कहा कि इटावा में बन रहे श्री केदारेश्वर मंदिर में सालिगराम की शिला प्रस्थापित है, जो नेपाल से आई है। नेपाल सीमा पर कपिलवस्तु में समाजवादी सरकार में ही सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2013 में की गई थी।

मौसम

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,332.72

निफ्टी 24,834.85

संक्षिप्त समाचार

राहुल गांधी के विरुद्ध भाजपा नेताओं की टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ राजग के कुछ नेताओं द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के खिलाफ शनिवार को यहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रवेश करने के लिए बैरिकेड पार कर लिया, जबकि पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। कांग्रेस नेता केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू सहित भाजपा नेताओं की अभद्र टिप्पणियों के खिलाफ देश भर में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बूंदी में विरोध प्रदर्शन में शामिल राजस्थान के पूर्व मंत्री अशोक चांदना ने कहा कि भाजपा सरकार लोगों के वास्तविक मुद्दों को हल करने की बजाय उनका ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

तिरुपति लड्डू में मिलावट करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा: नारा लोकेश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आंध्र प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार तिरुपति लड्डू में पशु चर्बी की कथित मिलावट के मामले में शामिल किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शेगी। हाल ही में राजग विधायक दल की बैठक के दौरान आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने दावा किया था कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार ने श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर को भी नहीं छोड़ा और तिरुपति लड्डू बनाने के लिए घटिया सामग्री और पशु चर्बी का इस्तेमाल किया। लोकेश ने कहा कि एनडीडीबी प्रयोगशाला की रिपोर्ट ने आरोपों को तथ्यों में बदल दिया है।

भाजपा शासन में जम्मू-कश्मीर ने सब कुछ खो दिया: उमर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पिछले 10 साल के शासन में जम्मू-कश्मीर ने सब कुछ खो दिया है जिसमें राज्य का दर्जा, पहचान और भूमि अधिकार शामिल है। उमर ने केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद को खत्म करने के सत्तारूढ़ दल के दावों पर सवाल उठाया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए नेकां नेता ने कहा कि भाजपा नेता को यह बताना चाहिए कि उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के लिए नेकां और कांग्रेस को क्यों जिम्मेदार ठहरा रही है, जबकि वह देश के बाकी हिस्सों में पाकिस्तान को दोषी ठहरा रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर अगस्त 2019 में क्षेत्र को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाने और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके अब्दुल्ला ने पुंछ-हवेली विधानसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार ऐजाज अहमद जान के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, 10 साल बाद आज हमारे पास कुछ भी नहीं बचा है और यह सब भाजपा के शासन में हुआ है।

जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को फलता-फूलता देख पाकिस्तान को दर्द हो रहा है: राजनाथ सिंह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

पुंछ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 18 सितंबर को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में भारी संख्या में हिस्सा लेने के लिए लोगों की रविवार को सराहना की और कहा कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में लोकतंत्र को फलते-फूलते देख पाकिस्तान के पेट में दर्द हो रहा है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सिंह ने नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां), कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर अपने घोषणापत्रों में संविधान के अनुच्छेद 370 की बहाली की बात करके लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इन दलों को पाकिस्तान के प्रॉक्सी के रूप में काम करना बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा, विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 61 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ जो 30 वर्षों में सर्वाधिक है और लोकसभा चुनाव में हुए 58 प्रतिशत के रिकॉर्ड मतदान को भी पीछे छोड़ दिया। दुनिया में यह संदेश गया है कि अनुच्छेद 370 को भारत



की बेहतरी के लिए हटाया गया।

सिंह ने यहां भाजपा उम्मीदवार चौधरी अब्दुल गनी के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, लोगों ने लोकतंत्र का झंडा इतना ऊंचा उठा दिया है कि पाकिस्तान के पेट में दर्द हो रहा है। हम पाकिस्तान के साथ दुश्मनी नहीं चाहते, क्योंकि हम अपने सभी पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं। पाकिस्तान अपनी घरेलू समस्याओं से अपने लोगों का ध्यान हटाने के लिए भारत के खिलाफ नापाक हरकतें करता रहता है।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान का हवाला देते सिंह ने कहा कि पड़ोसी देश को जम्मू-कश्मीर के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार किसने दिया है। आसिफ ने कहा था कि उनका देश और नेकां-कांग्रेस गठबंधन अनुच्छेद 370 की बहाली पर एक ही राय रखते हैं। सिंह ने कहा, मैं नेकां, कांग्रेस और पीडीपी के अपने मित्रों से पूछना चाहता हूं कि क्या आप पाकिस्तान के प्रतिनिधि के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं?

रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोग परेशान हैं और भारत में शामिल होना चाहते हैं।

उच्च न्यायालय ने मुंबई विश्वविद्यालय के सीनेट चुनाव 24 सितंबर को कराने का आदेश दिया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मुंबई, बंबई उच्च न्यायालय ने शनिवार को मुंबई विश्वविद्यालय के सीनेट चुनाव 24 सितंबर को कराने का निर्देश दिया। अदालत ने चुनाव स्थगित करने संबंधी राज्य सरकार के परिपत्र पर रोक लगा दी और कहा कि यह अंतिम क्षण में किया गया हस्तक्षेप था। विशेष सुनवाई में न्यायमूर्ति ए. एस. चंदुरकर और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की खंडपीठ ने शुरू में निर्देश दिया था कि सीनेट के चुनाव निर्धारित तिथि 22 सितंबर को ही कराए जाएं। विश्वविद्यालय द्वारा कम समय में चुनाव कराने में व्यवहारिक कठिनाइयों की तरफ ध्यान दिलाए जाने के बाद खंडपीठ ने अपने आदेश में संशोधन किया। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा, चुनावों को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने के लिए जारी आदेश पर अगले आदेश तक रोक लगाई जाती है। चुनाव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगे। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 26 सितंबर की तारीख तय की।

पंजाब के साथ भेदभाव कर रही है भाजपा : आप

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र की राजग सरकार पर राज्य के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। यह आरोप केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा द्वारा मुख्यमंत्री भगवंत मान से आयुष्मान भारत योजना के तहत निजी अस्पतालों का बकाया चुकाने के लिए कहने के बाद लगाया गया। राज्य सरकार के साथ बढ़ते बकाये के कारण राज्य के निजी अस्पतालों ने आयुष्मान भारत कार्डधारकों को नगद रहित उपचार प्रदान करना बंद कर दिया है। आम आदमी पार्टी की पंजाब इकाई के मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद मलविंदर सिंह

कंग ने शनिवार को कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत कुल बकाया 376 करोड़ रुपये में से 220 करोड़ रुपये केंद्र सरकार पर हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत पंजाब के हिस्से का 950 करोड़ रुपया रोक रही है। कंग ने दावा किया कि इन निधियों के अलावा नरेन्द्र मोदी सरकार पंजाब के लिए ग्रामीण विकास निधि (आरडीएफ) और मंडी विकास निधि (एमडीएफ) भी रोक रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पर आरडीएफ का 6,800 करोड़ रुपये और एमडीएफ का 177 करोड़ रुपये बकाया है।

मध्य दिल्ली में फर्नीचर बाजार में लगी आग, 44 मजदूरों को बचाया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पुलिस ने बताया कि तड़के तीन बजकर 20 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह भी बताया गया कि भवन के भूतल से धुंआ उठ रहा है जहां फर्नीचर गोदाम था। उन्होंने बताया कि मजदूर भवन के अंदर सो रहे थे। पता चला कि ऊपरी मंजिल पर जाने के लिए एक प्रवेश द्वार था, लेकिन शटर बंद था। पुलिस उपायुक्त (मध्य) एम हर्षवर्धन ने कहा, स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शटर तोड़ दिया, गेट खोला और दूसरी और तीसरी मंजिल पर पहुंची, जहां मजदूर सो रहे थे। उन्होंने कहा कि आग के पूरी इमारत में फैलने और से पहले ही लगभग 44 मजदूरों को बचा लिया गया और दमकल गाड़ियां पहुंच गईं। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि कम से कम सात दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने में चार घंटे लगे। अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन फर्नीचर और लकड़ी के अन्य सामान आग में जलकर खाक हो गए। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जांच चल रही है।

मायावती ने महिला सुरक्षा पर जाहिर की चिंता

सरकारों की नीयत नीतियों पर उठाए सवाल

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को देश भर में महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों पर चिंता जाहिर करते हुए सवाल उठाया कि महिला सुरक्षा एवं सम्मान को लेकर सरकारों की नीयत व नीति में अत्याधिक खोट तो नहीं?

बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स के अपने आधिकारिक खाते से एक पोस्ट में कहा, यूपी, बंगाल, ओडिसा, कर्नाटक समेत देश भर में महिलाओं के साथ दिल दहला देने वाली बढ़ती घटनाओं को लेकर आरोप-प्रत्यारोप की संकीर्ण राजनीति करना अति-दुखद, जबकि

यह समय गंभीर चिंतन का है कि महिला सुरक्षा एवं सम्मान को लेकर सरकारों की नीयत व नीति में अत्याधिक खोट तो नहीं?

मायावती ने अपने सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, एक के बाद एक हो रहे ऐसे जघन्य अपराधों में प्रथमदृष्टया सरकार की लापरवाही एवं पुलिस की संलिप्तता स्थिति को और भी अधिक गंभीर बना रही है। उन्होंने कहा, इसे (लापरवाही) त्याग कर सभी को निष्पक्ष व गंभीर होना बहुत जरूरी है, ताकि ऐसे जघन्य अपराधों से होने वाली बदनामी से प्रदेश व देश को बचाया जा सके।

2. एक के बाद एक हो रहे ऐसे जघन्य अपराधों में प्रथमदृष्टया सरकार की लापरवाही एवं पुलिस की संलिप्तता स्थिति को और भी अधिक गंभीर बना रही है, जिसे त्याग कर सभी को निष्पक्ष व गंभीर होना बहुत जरूरी, ताकि ऐसे जघन्य अपराधों से होने वाली बदनामी से प्रदेश व देश को बचाया जा सके।

डीजीपी, मुख्य सचिव और एडीजी की अनुपस्थिति वाली समीक्षा बैठक में औचित्यहीन: तेजस्वी यादव

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

पटना । राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने एक दिन पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई गृह विभाग की समीक्षा बैठक पर सवाल उठाते हुए कहा, ह्लऐसी समीक्षा बैठक का क्या फायदा और औचित्य जिसमें राज्य के डीजीपी (पुलिस महानिदेशक), मुख्य सचिव और एडीजी भी उपस्थित ना रहे ह्लपूर्व उपमुख्यमंत्री और वर्तमान में बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यादव ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर राज्य में अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि उपरोक्त अधिकारियों की अनुपस्थिति यह दशार्ती है कि कानून-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री कितने गंभीर हैं।

मुख्यमंत्री द्वारा गृह विभाग की समीक्षा बैठक के एक दिन बाद रविवार

को एक्स पर एक पोस्ट में यादव ने कहा, ह्लकानून व्यवस्था पर मुख्यमंत्री हर बार उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करने की सिर्फ औपचारिकता पूरी करते है। नीतीश जी का इकबाल यह है कि प्रदेश में ऐसी प्रत्येक समीक्षा बैठक के बाद अपराध में और अधिक वृद्धि होती है क्योंकि अधिकारी एवं अपराधी भी ऐसी बैठकों की असलियत जानते है। अधिकारी भी जानते है कि जब विपक्ष का दबाव बढ़ता है तो दिखावे व औपचारिकता के लिए मुख्यमंत्री अचानक ऐसी बैठक बुला लेते है।

उन्होंने यह भी लिखा, ऐसी समीक्षा बैठक का क्या फायदा और औचित्य जिसमें राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), मुख्य सचिव और अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भी उपस्थित ना रहे। शीर्षस्थ अधिकारियों की अनुपस्थिति दशार्ती है कि विधि व्यवस्था पर मुख्यमंत्री जी कितने गंभीर है। राजग सरकार अपराधियों को संरक्षित एवं संपोषित कर बिहारवासियों की जान के साथ खेल रही है। गौरतलब है कि गृह विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने शनिवार को इस बात पर जोर दिया था कि कानून का शासन राजग सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के एक बयान के अनुसार, कुमार ने कहा था कि सरकार कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं करेगी और लापरवाह पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए तथा वरिष्ठ अधिकारियों से अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई के भी आदेश दिए तथा इस संबंध में आवश्यक उपाय किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए राज्य पुलिस में विभिन्न श्रेणियों में 2,29,139 नये पदों के सृजन की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री बताया कि वर्तमान में लगभग 1,06,436 पुलिस कर्मी सेवारत हैं तथा शेष रिक्तियों को भरने के प्रयास जारी हैं।

फैक्ट्री में लगी आग, छह गाड़ियां मौके पर पहुंची; बाल-बाल बचे 300 से ज्यादा लोग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। नादरगंज स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में शनिवार देर रात एक फैक्ट्री में आग लग गई। लपट व धुआं निकलता देख भगदड़ मच गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने परिसर में मौजूद 300 से ज्यादा कर्मचारियों को बाहर निकाला और तीन घंटे में आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) ने देर शाम के एक फैक्ट्री की द्वितीय तल पर संदिग्ध हालात में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर सरोजनीनगर, पीजीआइ आलमबाग समेत अन्य स्टेशन से गाड़ियां रवाना की गई। कुछ कर्मचारियों ने कंपनी में मौजूद संसाधनों से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन वह कामयाब नहीं हो सके। देखते ही देखते कंपनी के अंदर से आग की लपटे निकलने लगी।

पुलिस के पहुंचने पर कर्मचारी आक्रोशित हो गए

घटना की सूचना मिलने के काफी देर तक दमकल विभाग व पुलिस के पहुंचने पर कर्मचारी आक्रोशित हो गए। फैक्ट्री में 300 से ज्यादा लोग मौजूद थे। एक टीम ने सभी को बाहर निकालने के लिए अनाउंसमेंट करना शुरू किया गया। धुएं में कुछ दिखाई न देने से निकल नहीं पा रहे थे। किसी तरह सभी को डेढ़ घंटे में बाहर निकाला गया। वहीं आग बुझाने में एक दर्जन वाहनों को पानी ढोने के लिए लगाया गया। इन दमकल कर्मियों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

शार्ट सर्किट से लगी होगी आग

यहां के कर्मचारियों के मुताबिक कंपनी के द्वितीय तल पर कटी हुई सुपारी को विद्युत हीटरों से सुखाया जाता है। आशंका व्यक्त की जाती है कि इन्हीं हीटरों में शार्ट सर्किट से आग लगी होगी।

जलशक्ति मंत्री ने वरिष्ठ मतदाताओ को किया सम्मानित, मिसकांल से दिलाई भाजपा की सदस्यता

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।निगोहां के लालपुर गांव में रविवार को भाजपा द्वारा आयोजित मतदाता सम्मान समारोह व सदस्यता अभियान कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि उ०प्र०सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने वरिष्ठ मतदाताओ को फूल माला व अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित करने के साथ ही ग्रामीणो को मिसकांल से भाजपा की सदस्यता दिलाई।मुख्य अतिथि जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि मतदाता भाग्य विधाता है।भाजपा ने हमेशा जनादेश का सम्मान किया है ? ।विपक्ष को ये समझना चाहिए की भाजपा पर यदि जनता का विश्वास ना होता तीसरी बार केन्द्र में नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री ना बनते।भाजपा और जनसंघ की नीव कैसे रखी गई इसके बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेई के भाजपा समर्पण को याद दिलाते हुए एक चाय वाला कैसे देश का प्रधानमंत्री बनकर जहा भारत मता बोलने पर सीने पर गोली पड़ जाती आज वहा लाल चौक पर तिरंगा फहरा दिया इसलिए आप लोग केवल अपना काम करिए और भाजपा के साथ रहिए बाकी काम मोदी योगी पर छोड़ दीजिए।उन्होने कहा कि जब से प्रदेश और देश में भाजपा की सरकार आई है तब से बहन-बेटियां सुरक्षित हो गई हैं।उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद यहां की बेटी शाम 5 बजे नहीं रात 12 बजे भी सोने का आभूषण पहनकर घर से बाहर जा सकती है।वापस घर सुरक्षित आ सकती है।उन्होने भाजपा सरकार की अब तक उपलब्धियो के बारे में ग्रामीणो को विस्तार से बताया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता विनोद वर्मा व नवीन मिश्रा द्वारा किया गया।इस मौके पर भाजपा नेता शंकरी सिंह,व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र दीक्षित,प्रधान प्रभाकर दीक्षित,प्रधान अभय कान्त दीक्षित,पूर्व ब्लाक प्रमुख नितिन जायसवाल, ब्रजेश पटेल, विकास पटेल,नागेश वर्मा, ब्रजेश वर्मा,प्रांजुल पटेल,प्रिंस वर्मा समेत काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सिंचाई के लिये राजकीय नलकूप व जर्जर सड़क बनवाये जाने की मांग..

लालपुर के पूर्व ग्राम प्रधान नंद किशोर वर्मा ने जलशक्ति मंत्री को पत्र देते हुये बताया उनके गांव में खेतो की सिचाई के लिये राजकीय नलकूप की जरूरत है ओर नलकूप लगवाने के लिए अपनी पर्याप्त जगह दे देगे। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नवीन मिश्रा ने निगोहां स्टेशन रोड से लेकर मीरकनगर तक का मार्ग बहुत जर्जर है।जिस पर मंत्री ने दोनो मांगो को जल्द से जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया।

दबंग ने किसान पर धारदार हथियार से हमला कर किया घायल, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

घायल अवस्था में किसान – फोटो

लखनऊ। एक गांव में जबरन मकान के छज्जे के आगे दीवार बनाकर बांस बल्ली लगाकर निर्माण कर रहा दबंग, जिसका विरोध करने पर दबंग ने अभद्र प्रकार की गालियां देते हुए धारदार हथियार से किसान पर हमला कर किया लहूलुहान। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। मिली तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज।

माल थाना क्षेत्र के ग्राम मनभौना निवासी राम लखन ने रविवार सुबह करीब 11 बजे पड़ोसी से कहा कि अपनी बांस बल्ली जो मेरे मकान के छज्जे के आगे लगी है उनको हटा लीजिए जिससे हमारी दीवार में सीलन आ रही है दीवार गिरने का खतरा बना हुआ है. इतने में पड़ोसी दबंग राजाबक्स ने प्रार्थी को अभद्र प्रकार की गालियां देते हुए धारदार हथियार बांके से उस पर हमला कर लहू लुहान कर दिया जिससे उसका सिर भी फट गया। जिसे इलाज के लिए पुलिस ने माल सामुदायिक केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर राजाबक्स के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

तीन चोर गिरफ्तार, माल बरामद

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज पुलिस ने रविवार को किसान ने घर से गेंहू भरी बोरिया चोरी करने वाले तीन चोरो को गिरफ्तार कर माल बरामद किया।पुलिस ने तीनो चोरो को बरामद माल के साथ न्यायालय में पेश किया,जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया थाना क्षेत्र के जैतीखेड़ा निवासी किसान अमर सिंह के घर से 21सितम्बर को चोर गेहू भरी तीन बोरिया चुरा ले गये थे,पीड़ित किसान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरो को पकड़ने के लिये पुलिस टीमो को लगाया गया था।रविवार को पुलिस टीम ने तीन चोर राजकुमार व आशीष कुमार बरीगंवा थाना कृष्णानगर व सूरज कुमार निवासी रतौली थाना बंथरा को गिरफ्तार कर उनके पास से किसान के घर से चुराये गये तीन बोरी गेंहू व चोरी करने में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की।तीनो चोरो को न्यायालय में पेश किया,जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

शराब के नशे में छेड़छाड़ करने के साथ दुराचार करने का प्रयास का आरोप,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।बिजनौर इलाके की दलित महिला ने एक युवक पर शराब के नशे में छेड़छाड़ करने के साथ ही दुराचार करने का प्रयास और जाति सूचक गालियां देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि शनिवार रात करीब 9 बजे वह अपने घर पर थी। तभी उसका पति गांव के ही रिंकू पाल को लेकर घर पहुंचा। जहां दोनों ने बैठकर शराब पी। जब शराब खत्म हो गई तो रिंकू ने उसके पति को शराब लाने बाहर भेज दिया और पीड़िता को अकेला पाकर उससे छेड़छाड़ करने लगा। इतना ही नहीं आरोप है कि उसने गांव में कुछ जमीन देने के साथ ही 2 लाख रुपये देने का लालच देकर शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की। लेकिन पीड़िता ने विरोध करते हुए शोर मचा दिया और घर से बाहर भाग निकली। शोर शराबा सुनकर गांव के लोग दौड़े तो आरोपी और उसका पति वहां से भाग गए। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

लखनऊ के योग गुरु पं नवीन को दिल्ली में योग रत्न सम्मान से किया गया सम्मानित

लोकबंधु अस्पताल में नर्सिंग ऑफीसर के पद पर कार्यरत हैं पं नवीन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।नर्सिंग पेशे के साथ साथ योग के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाले लखनऊ के प्रसिद्ध योग गुरु योगाचार्य पं नवीन को रविवार को दिल्ली के लाजपत भवन आडिटोरियम मे ऋषिकुल योगपीठ के तत्वावधान मे योग रत्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया यह पुरस्कार योग गुरु नवीन को योग के क्षेत्र मे अहम योगदान और समाज सेवा मे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया वर्तमान मे योग गुरु नवीन लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल मे नर्सिंग ऑफिसर के पद पर भी कार्यरत है और गर्भवती महिलाओ को निःशुल्क योग भी करवाते है इसके साथ-साथ वे स्कूलों, कालेजो अस्पतालो और संस्थानों मे योग के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कैम्प भी लगाते है बुड्ढेश्वर मंदिर मे अनवरत योग कक्षाओं का भी संचालन इनके द्वारा किया जा रहा है

डॉ. राजेश्वर सिंह ने रेलमंत्री को लिखा पत्र : लखनऊ कानपुर मार्ग पर मेमू ट्रेनों के फेरे बढ़ाए जाने की मांग

- शाहपुर मझिगवां में लगा डॉ. राजेश्वर सिंह का 89वां 'आपका विधायक – आपके द्वार' जन सुनवाई शिविर, सुनीं गईं ग्रामीणों की समस्याएँ
- डॉ. राजेश्वर सिंह ने शाहपुर मझिगवां गाँव के 4 मेधावियों को साइकिल और घड़ी देकर किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा आपका विधायक - आपके द्वार जनसुनवाई का आयोजन कर प्रति सप्ताह एक ग्राम पंचायत के ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जाता है और उनसे मिलकर गाँव के विकास सम्बंधित सुझाव भी प्राप्त किये जाते हैं। इसी क्रम में रविवार को ग्राम पंचायत मखदूमपुर कैंथी, मजरा शाहपुर मझिगवां में 89वें आपका विधायक - आपके द्वार जनसुनवाई शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं गईं। शिविर में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की पूरी टीम लैपटॉप, प्रिंटर और अन्य संसाधन लेकर ग्रामीणों के बीच पहुंची। इस दौरान विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की टीम को ग्रामवासियों ने सड़क एवं नाली निर्माण, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, हैण्ड पंप, लाइट तथा प्रधानमंत्री आवास जैसी समस्याओं और सुझावों से अवगत कराया, साथ ही 'गाँव की शान' पहल के अंतर्गत इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले मखदूमपुर कैंथी, मजरा शाहपुर मझिगवां के 2 मेधावियों आयुष साहू (80.6%) तथा अनामिका (77.8%) और हाईस्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले 2 मेधावियों नित्या साहू (87.5%) व आदित्य (77.83%) को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शाहपुर मझिगवां गाँव के वरिष्ठ नागरिक हीरालाल, राजाराम भारती, ग्राम प्रधान मनोज कुमार लोधी, सेक्टर संयोजक नवनीत वर्मा, नन्द किशोर तिवारी, महावीर, मेडी लाल, सुन्दर लाल, गंगादेई, राजरानी, सरजूदेई, कमला, माधुरी एवं उर्मिला को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से सम्मानित किया गया। साथ ही सरोजनीनगर की पहचान बन चुकी ताराशक्ति रसोई के माध्यम से उपस्थित लोगों को ताजा, पौष्टिक भोजन भी उपलब्ध कराया गया।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने रेलमंत्री को लिखा पत्र : लखनऊ कानपुर मार्ग पर मेमू ट्रेनों के फेरे बढ़ाए जाने की मांग की

डॉ. राजेश्वर सिंह ने रविवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर लखनऊ - कानपुर मार्ग पर मेमू ट्रेनों के फेरों की संख्या बढाए जाने की मांग की। रेल मंत्री को लिखे गए पत्र में डॉ सिंह ने उल्लेख किया कि कोरोना काल से पहले तक कानपुर लखनऊ रेल मार्ग पर 14 अप और 14 डाउन मेमू ट्रेनों का संचालन किया जाता रहा है, लेकिन कोरोना काल के उपरान्त अब केवल 3 अप और 3 डाउन ट्रेनें संचालित हो रही हैं। इन ट्रेनों के माध्यम से विद्यार्थी, किसान मजदूर और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी सर्वाधिक यात्रा करते हैं। ट्रेनों की कमी के कारण इन यात्रियों को असुविधा हो रही और उन पर आर्थिक बोझ भी पड़ता है।

पर्यटन स्थलों पर नहीं ले जा सकेंगे प्लास्टिक की बोतलें

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पर्यटन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण के लिए इको पर्यटन स्थलों के अंदर प्लास्टिक की बोतलें लेकर जाने पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। क्यूआर कोड लगाकर प्लास्टिक की बोतलों को पर्यटकों से जमा करवाया जाएगा, पर्यटन स्थल के बाहर आने पर उन्हें बोतलें वापस कर दी जाएंगी। साथ ही विभाग की तरफ से पर्यटकों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। पिछले वर्ष 48 करोड़ पर्यटकों ने प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया था। इस वर्ष यह संख्या और ज्यादा होने की उम्मीद की जा रही है। जनवरी से जून 2024 के मध्य 33 करोड़ पर्यटकों का आगमन प्रदेश में हो चुका है। जिम्मेदार पर्यटन योजना के तहत पर्यटकों को प्लास्टिक की बोतलें व अन्य खाने-पीने की वस्तुओं को भी कहीं भी फेंकने की बजाय निर्धारित स्थलों पर ही फेंकने की सलाह विभाग की तरफ से दी जा रही है।

मुख्य आरक्षी की बाइक आशियाना थाने के पास से चोरी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने थाने में तैनात मुख्य आरक्षी की बाइक थाने के पास से पार कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पाँच दिन बाद शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया। आशियाना थाने के इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि मूलरूप से ग्राम मिट्ठापारा पोस्ट कटैला थाना जंगीपुर जिला गाजीपुर के रहने वाले राम निवास यादव पुत्र दूखरन यादव वर्तमान समय आशियाना थाने में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात हैं। पीड़ित सिपाही के अनुसार वह बीते 16 सितम्बर की रात्रि करीब नौ बजे अपनी बाइक से व्यक्तिगत सामान लेने आशियाना चौराहे गया था। वहाँ से वापस आने के बाद थाने के समीप बने पेट्रोल पम्प से 50 मीटर पूर्व दिशा की तरफ सड़क के किनारे अपनी बाइक खड़ी कर अपना सामान रखने अपने आवास चला गया था। लेकिन वापस आया तो देखा उसकी बाइक गायब थी।

चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित सिपाही ने खोजबीन के बाद स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत की थी। वहीं पुलिस ने शनिवार को पीड़ित सिपाही की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

यूपी में छह महीने तक परेशान करेगी बिजली, अभी कई हिस्सों में काम होना है बाकी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राजधानी में उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना कम से कम अभी छह माह और करना पड़ेगा। क्योंकि कार्यदायी संस्था एनसीसी जो एरियल बंच केबल (एबीसी) का काम कर रही है, वहीं बहुत ही धीमी गति से किया जा रहा है। एक-एक मोहल्ले में कई कई दिन लग रहे हैं। सुबह दस बजे बिजली काट दी जाती है और शाम पांच बजे तक नहीं आती। सात से आठ घंटे बिजली संकट का सामना उपभोक्ताओं को करना पड़ रहा है। इससे उपभोक्ताओं को बिजली के साथ ही पेयजल संकट से भी जूझना पड़ रहा है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत कहते हैं कि काम में गति लाने के निर्देश दिए गए हैं। समय से काम हो उसकी मानीटरिंग की जा रही है। वहीं नियमित रूप से किसी न किसी मोहल्ले की बिजली काट दी जा रही है। कार्यदायी संस्था एनसीसी के कर्मी अगर कार्य क्षमता स्थल पर कर्मियों की संख्या बढ़ा दे तो जो काम छह से सात दिन में होता है। वह दो से तीन दिन में हो सकता है लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। उपभोक्ताओं को नियमित रूप से बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी में करीब डेढ़ सौ बिजली घर है और 12 लाख उपभोक्ताओं को अभी कई माह तक बिजली संकट का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि शहर व ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में एबीसी का काम शुरू ही नहीं हुआ। ऐसे में आगामी गर्मी तक यह काम चलने की उम्मीद जताई जा रही है। इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को अभी और उठाना पड़ सकता है।

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने की शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी से मुलाकात

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने आज ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया, श्री दुबे ने कहा कि स्वामी जी से आशीर्वाद प्राप्त हुआ है जो मेरे व्यक्तिगत जीवन तथा पार्टी व लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा।

मोहनलालगंज में भव्य श्री खाटू श्याम सकिर्तन 14 अक्टूबर को होगा आयोजन

सुगंधित फूलों से सजेगा भव्य और आकर्षक दरबार, बाबा खाटू श्याम की होगी जय-जयकार

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, मोहनलालगंज विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्याम भक्त मंडल द्वारा आगामी 14 अक्टूबर 2024 को सायं 7:00 बजे से दशहरा मेला ग्राउंड न्यू जेल रोड मऊ में भजन संध्या आशीर्वाद का भव्य आयोजन किया श्री खाटू श्याम बाबा का सुगंधित फूलों से आकर्षक श्रृंगार कर ज्योत प्रज्जवलित की जाएगी। आशीर्वाद कार्यक्रम में मशहूर गायक अधिष्ठा अनुष्का के साथ कुंदन अकेला, कुमार भविष्य, पवन मिश्रा, कार्तिका तिवारी बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। सांय 7 बजे से भजन संध्या प्रारंभ होकर प्रभु इच्छा तक चलेगी। उक्त भजन संध्या के भव्य आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। वृहद स्तर पर आयोजित किए जा रहे उक्त आशीर्वाद कार्यक्रम को लेकर श्याम प्रेमियों में अभी से भारी उत्साह देखने को मिल रहा है इस भजन संध्या में बाबा श्याम के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति होगी।

साइबर जालसाज ने युवक से ठगे 18 हजार रुपए

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कुरौली गांव के रहने वाले युवक को साइबर जालसाज ने झांसे में लेकर 18हजार रुपए ठग लिये।पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस अज्ञात जालसाज पर 66डी आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी हैं।

मोहनलालगंज के कुरौली निवासी संदीप कुमार यादव ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया 30अगस्त को एक अज्ञात मोबाइल नम्बर से फोन आया बात करने वाले युवक ने खुद को परिचित बताते हुये दो हजार रुपए भेजने व मिलने पर लेने की बात कही।जिसके बाद युवक ने मैसेज कर कहा दो हजार की बजाय आप को आनलाइन बीस हजार रुपए भेज दिये है,बाकी का 18हजार रुपए वापस कर दो।जिसके बाद जालसाज के झांसे में आकर उसे 18हजार रुपए वापस बताये गये नम्बर पर आनलाइन भेज दिये।जिसके बाद जालसाज ने कहा गलती से दोबारा फिर 20हजार आप को भेज दिये है,शक होने पर अपना खाता चेक किया तो पता चला खाते से 18हजार रुपए कट गये थे।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित युवक की तहरीर पर अज्ञात जालसाज पर 66डी आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

महिला ने फांसी लगाकर दी जान

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के टिकरसानी गांव में शनिवार की देर रात महिला ने घर मे फांसी लगाकर जान दे दी।रविवार की सुबह परिजनो ने महिला का शव लटकता देखा तो पुलिस को सूचना दी।जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पीएम के लिये भेजा। मोहनलालगंज के उत्तरगांव के टिकरसानी में रहने वाले अनुभव शुक्ला किसान है। उनकी पत्नी शिवकांती(40वर्ष) शनिवार की शाम को खाना खाने के बाद सोने चली गयी ओर देर रात घर के पिछले हिस्से में जाकर सीढ़ी के सहारे रस्सी से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।रविवार की सुबह परिजनो की नींद खुली तो शव लटकता देखा। मृतका के एक बेटी सौम्या व बेटा सौर्य है। परिजनों ने बताया कि बेटे की बीमारी को लेकर भी वह मानसिक रुप से परेशान रहती थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक की मौत, एक घायल

अमन लेखनी समाचार

बंथरा, लखनऊ। दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौके पर मौत। दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज जारी है वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मलिहाबाद नगर पंचायत के ग्राम सेरावां निवासी प्रिंस यादव (18) रविवार शाम अपनी मोटरसाइकिल यूपी (32) जे टी 8693 से अमेजॉन कंपनी में नौकरी के लिए जा रहा था। इसी बीच बंथरा थाना क्षेत्र के रामदासपुर गांव में सामने से आ रही मोटरसाइकिल संख्या यूपी (32) पी आर 3765 से टक्कर हो गई। इस हादसे में मलिहाबाद निवासी प्रिंस यादव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं रामदास पुर निवासी निखिल की हालत भी गंभीर है। पुलिस ने घायल को पास के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। वही इस घटना को लेकर हरौनी चौकी प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि रविवार की शाम करीब 6 बजे दो मोटरसाइकिल सवार आपस में टकरा गए जिसमे एक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दूसरे को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

संक्षेप

थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

अमन लेखनी समाचार

मियाँगंज, उन्नाव। आगामी नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा पर्व को दृष्टिगत रखते हुवे आसीवन थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी मीटिंग का आयोजन किया गया ।पीस मीटिंग में आये हुवे जनप्रतिनिधियों एवं सम्भ्रांत व्यक्तियों को सम्बोधित करते हुवे प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा सौहार्दपूर्ण रूप से पर्व मनाये संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर बनाये रख्खें कोई भी संदिग्ध दिखे तो पुलिस को सूचित करें । इस अवसर चेयरमैन ब्रजकिशोर वर्मा बाबू ,व्यापार मंडल अध्यक्ष महेन्द्र गुप्ता बब्लू,शिवनाथ बाबू,पूर्व प्रधान सरोज सैनी,पूर्व प्रधान मुकेश कन्नौजिया,बैरागी यादव,प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कन्नौजिया,बेचेलाल प्रधान,आशुतोष सिंह आशीष,पंकज दुबे,प्रमोद शुक्ला,चन्दर गुप्ता,गोलू गुप्ता,रामनरेश पाल,अरुण कुमार, शुरेश कुमार,प्रशांत तिवारी ,गोलू गुप्ता,इशू गुप्ता,शीबू अहमद पत्रकार,मिर्जा आलम शेर पत्रकार, एस एम जावेद पत्रकार, शब्बीर अली शाह पत्रकार सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें ।

पति-पत्नी के 34 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दीपक भूकर पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन वामा सारथी की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र से 12 व महिला थाना से 09, थाना सोहरामऊ से 04, थाना सफीपुर, थाना अजगैन से 03-03, थाना बिहार से 02 तथा थाना हसनगंज से 01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया ।उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डा0 मनीष सिंह सेंगर,संजय चौरसिया, डॉ0 एस के पाण्डेय, डॉ0 शशी रंजना अग्निहोत्री, डॉ0 रामसनेही यादव एवं सहयोगी अंकित सिंह डा0 सगीर अहमद, अवसर अली खान व पुलिस टीम से महिला थानाध्यक्ष अर्चना, महिला उप निरीक्षक मिथिलेश कुमारी महिला उप निरीक्षक भागीरथी पूजा शर्मा, लक्ष्मी अंशू रानी, साधना, मीनू अंजूला, प्रीति सोनी, शकुंतला , सुमन पूनम का विशेष योगदान रहा ।पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवार परामर्श केंद्र की पूरी टीम, प्रभारी डा0 आशीष श्रीवास्तव सहित सभी सम्मानित सलाहकारों की सराहना की गई।

डंफर की चपेट से स्कूटी सवार दो बैंक कर्मचारी महिला घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। हरदोई-उन्नाव मार्ग पर स्कूटी सवार के डंफर की चपेट में आने से आईसीआईसीआई बैंक की कैशियर व एक बैंक कर्मी घायल हो गए। आसपास के लोगों ने बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टर ने कैशियर युवती की नाजुक हालत देख उसे लखनऊ रेफर कर दिया।जहां पर उसका इलाज जारी है। उसका एक पैर डंफर के पहिये के नीचे आने से कुचल गया।घटना के बाद चालक डंफर को मौके पर खड़ाकर फरार हो गया। पुलिस ने डंफर को कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा करवाया। मौके पर पहुँची पुलिस ने जांच शुरू की। उधर बैंक के डिप्टी मैनेजर ने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

बता दें कि बांगरमऊ की आईसीआईसीआई बैंक के डिप्टी मैनेजर नरेन्द्र तिवारी जो जनपद गाजीपुर के थाना महोम्दाबाद क्षेत्र के गांव सेमरा के रहने वाले है। उन्होंने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बैंक की रिलेशनशिप मैनेजर (कैशियर) अर्पिता सिंह पुत्री अम्बिका प्रसाद निवासी मोहल्ला 5/15 आवास विकास कालोनी पार्क बीटीसी० नवलगंज जनपद बाराबंकी साथ में शैलेश चौरसिया पुत्र रामनरेश चौरसिया निवासी मोहल्ला पटेल नगर बांगरमऊ जनपद उन्नाव जो बैंक में कार्यकर्ता है। जो शनिवार की शाम करीब 4:30 बजे ब्रान्च से बैंक के काम करने के लिए हरदोई-उन्नाव रोड से मार्केट जा रहे थे। तभी एक्सिस बैंक के सामने उन्नाव की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे डंफर की चपेट में आ गए। स्कूटी में टक्कर लगने से उसपर सवार दोनो गिर गए। गिरने से अर्पिता का एक पैर डंफर के पिछले पहिये के नीचे आ गए।जिसे डंफर कुचलते हुवे निकल गया। घटना में स्कूटी भी छतिग्रत हो गई। आसपास के लोग बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुचें।जहां डॉक्टर ने अर्पिता सिंह का पैर को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रिफर कर दिया। अर्पिता सिंह का ईलाज लखनऊ में जारी है। चालक डंफर की मौके पर खड़ा कर फरार हो गया।जिससे करीब एक घण्टे तक जाम की स्थिति बनी रही। सूचना पर पहुँची पुलिस ने डंफर को कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा करवाया और जांच पड़ताल शुरू की। बताया जा रहा है कि डंफर आगे लगी नम्बर प्लेट पर एक बीच का नम्बर मिटा हुआ है। अन्य जगह कहीं पर भी डंफर का नम्बर नहीं है। डिप्टी मैनेजर ने पुलिस को तहरीर देकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

दबंगो ने किया जमीन पर कब्जा, पीड़ित ने सीएम से लगाई न्याय की गुहार

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। गंज मुरादाबाद विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दसगवां के पीड़ित की जमीन का मामला बीते शुक्रवार को मुख्यमंत्री जनता दरबार में पहुंच गया।पीड़ित ने मुख्यमंत्री को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि गांव के ही दबंग ने मेरी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है।बताते हैं कि मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्र लेकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। गंज मुरादाबाद क्षेत्र के ग्राम दसगवां निवासी रामकुमार राठौर ने अपने भाइयों के साथ मुख्यमंत्री को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि दबंग कोटेदार व प्रधान पुत्र ने मेरी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर लिया और हमको आए दिन धमकाते वह गाली गलौज करते रहते हैं।जिससे पीड़ित ने बीते शुक्रवार को मुख्यमंत्री के जनता दरबार में अपनी न्याय की गुहार लगाई है।मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्र लेते हुए उसे न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। पीड़ित ने बताया कि इसी तरीके के कई मामले मुख्यमंत्री जनता दरबार में पहुंचे और उन मामलों पर कार्यवाही करने आश्वासन मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया है ।

बाढ़ के चपेट मे आए कई मोहल्ले, हुआ जलभराव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पिछले कुछ दिनों से गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे कई मोहल्लों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। अंबिकापुरम और गायत्री नगर जैसे पॉश इलाकों में पानी भर जाने से कई अपार्टमेंट जलमग्न हो गए हैं। शुक्रवार की सुबह गंगा ने खतरे के निशान को पार किया, जिसके बाद से हालात गंभीर बने हुए हैं ।शनिवार को गंगा का जलस्तर सुबह 10 बजे 113.150 मीटर दर्ज किया गया। दोपहर 2 बजे और शाम 5 बजे भी यह स्तर स्थिर बना रहा। रविवार को जलस्तर बढ़ता रहा। हालांकि, मौसम विभाग के विशेषज्ञों का मानना है कि जलस्तर में जल्द गिरावट आ सकती है। इस बीच, रेलवे छमकनाली और नेतुआ गांव भी बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। स्थानीय प्रशासन ने बाढ़ की स्थिति को देखते हुए त्वरित उपाय किए हैं ।अंबिकापुरम और गायत्री नगर में बाढ़ के पानी ने लोगों की जिंदगी को प्रभावित कर दिया है। यहां के कई अपार्टमेंट जलमग्न हो गए हैं, जिससे लोगों का आवागमन बाधित हो गया है। लेखपाल अशोक सैनी ने बताया कि पूरे नगर में अब तक 36 नावें लगाई जा चुकी हैं। लोग अगर कहीं भी फंसे हुए हैं, तो उन्हें बाढ़ केंद्र से नाव के लिए संपर्क करने का निर्देश दिया गया है। चंपापुरवा, सैय्यद कम्पाउंड, हुसैन नगर, कर्बला, मनसुख खेड़ा और गगनी खेड़ा जैसे क्षेत्रों में भी सैकड़ों मकान जलमग्न हैं। बाढ़ से परेशान लोग छतों पर रहकर गुजारा कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बाढ़ की स्थिति के कारण राहत सामग्री की जरूरत महसूस हो रही है, लेकिन प्रशासनिक पहल की कमी के कारण समस्या बढ़ती जा रही है ।बिजली कटने के कारण चंपापुरवा के गोताखोर के निचले इलाकों में सैकड़ों घरों में अंधेरा छा गया है। इसके चलते लोगों को सांपों और अन्य जंगली जीवों के खतरे का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी चिंतित हैं और उनकी मांग है कि बिजली की आपूर्ति जल्द से जल्द बहाल की जाए।प्रशासन ने बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए कई उपाय किए हैं। बाढ़ राहत केंद्रों की स्थापना की गई है, जहां प्रभावित लोग राहत सामग्री प्राप्त कर सकते हैं। स्थानीय प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए त्वरित कार्रवाई की है, लेकिन लोगों की परेशानियों को लेकर स्थानीय निवासियों में असंतोष भी दिखाई दे रहा है।

चार बच्चे मिले डिप्थीरिया के शिकार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। हसनगंज ब्लॉक से फैली गला घोंटू बीमारी डिप्थीरिया का संक्रमण जिलेभर में फैल चुका है। डीपीटी का टीका न लगवाने वाले बच्चे तेजी से संक्रमण का शिकार हो रहे हैं। अब अलग-अलग ब्लाक के चार बच्चों है। जिसमें डिप्थीरिया संक्रमण की पुष्टि हुई, सभी बच्चों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।कोरिनेबैक्टीरियम जीन्स के बैक्टीरिया डिप्थीरिया संक्रमण फैलाते हैं। आमतौर पर बारिश के मौसम में अगस्त से लेकर अक्तूबर के महीने में डिप्थीरिया संक्रमण के लिए जिम्मेदार कोरिनेबैक्टीरियम सक्रिय होता है। दो अगस्त को हसनगंज के कमलापुर गांव में डिप्थीरिया का पहला मामला मिला था। इसके बाद असोहा ब्लॉक का सहरावां बीमारी का हॉटस्पॉट बन गया था। यहां के करीब 40 बच्चों को बीमारी अब तक अपनी गिरफ्त में ले चुकी है ।आलम यह है कि बीमारी अब जिले के कई ब्लॉकों में फैल चुकी है। करीब डेढ़ माह बीतने के बाद भी जिले में डिप्थीरिया से पीड़ित बच्चों के मिलने का सिलसिला रुक नहीं रहा है। असोहा ब्लाक के उमर्रा गांव निवासी राहुल के सात वर्षीय बेटे राज और इसी ब्लाक के चिलौली गांव निवासी राम बहादुर के चार वर्षीय बेटे आदित्य में डिप्थरिया की पुष्टि हुई है ।वहीं बांगरमऊ ब्लॉक के भतियारपुर गांव निवासी अशफीलाल की 12 साल की बेटी संध्या को बुखार और सांस लेने में तकलीफ होने पर परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने डिप्थीरिया के लक्षण देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां जांच के बाद किशोरी में बीमारी की पुष्टि हुई है। गंजमुरादाबाद के खत्रियाना निवासी मुस्तकीम के 7 वर्षीय बेटे रहमान में भी शनिवार को बीमारी की पुष्टि हुई है। सभी बच्चों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है ।सीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें भेजकर टीकाकरण और जांच कराई जा रही है। टीकाकरण और जांच में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए है।

पचास हजार की रिश्वत लेते इंस्पेक्टर को एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। एंटी करप्शन की एक विशेष टीम ने एक बड़े रिश्वतखोरी के मामले का पदार्फाश किया है। विवेचना और अनावरण शाखा में तैनात इंस्पेक्टर हीरा सिंह को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है।

यह गिरफ्तारी पुलिस क्लब में हुई, जब वह पैसे ले रहे थे ।गिरफ्तार करने वाली टीम ने तुरंत ही इंस्पेक्टर हीरा सिंह को दही थाने ले जाकर पूछताछ शुरू की। इस घटना ने पुलिस विभाग में हड़कंप मचा दिया है, क्योंकि एक उच्च पदस्थ अधिकारी की गिरफ्तारी ने भ्रष्टाचार की गंभीरता को उजागर किया है। एंटी करप्शन टीम ने इंस्पेक्टर के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है ।सदर कोतवाली क्षेत्र में असलम नाम के एक व्यक्ति ने एक प्लाट पर कब्जा करने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई।

उसकी शिकायत के बाद, एसपी के आदेश पर अनावरण शाखा के इंस्पेक्टर हीरा सिंह को मामले की विवेचना करने का जिम्मा सौंपा गया था। हालांकि, इसी दौरान वह रिश्वत मांगने लगे ।गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन टीम ने बताया कि यह एक सुनियोजित कार्रवाई थी। टीम ने पहले से ही इस मामले पर निगरानी रखी थी और इंस्पेक्टर के द्वारा रिश्वत मांगने की पुष्टि होने के बाद ही उन्हें पकड़ने का निर्णय लिया गया। पुलिस क्लब में इंस्पेक्टर द्वारा रिश्वत लेते हुए की गई बातचीत को भी रिकॉर्ड किया गया, जो उनकी गिरफ्तारी का मुख्य आधार बनी ।गिरफ्तारी के बाद अधिकारियों ने बताया कि भ्रष्टाचार का यह मामला केवल एक इंस्पेक्टर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पुलिस विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की समस्या को भी उजागर करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि जनता में पुलिस पर भरोसा कायम किया जा सके। गिरफ्तारी के बाद इंस्पेक्टर हीरा सिंह ने अपनी सफाई में कहा कि उन्होंने केवल जांच प्रक्रिया के तहत कुछ दस्तावेजों की मांग की थी, लेकिन एंटी करप्शन टीम ने उनके खिलाफ गलत आरोप लगाए।

निजी अस्पतालो के बोर्ड में लिखे चिकित्सक रहते नदारद

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर में मानक विहीन जगह-जगह नर्सिंग होम खुल रहे हैं ।इन नर्सिंग होम के मुख्य द्वार पर डॉक्टर व सर्जन की लंबी लिस्ट लगी होती है मगर यह लिस्ट में लिखे नाम के डॉक्टर यहाँ कभी नजर नहीं आते हैं। अनट्रेंड डॉक्टर ही मरीज का इलाज करते रहते हैं और उनसे जमकर लूट घसोट नर्सिंग होम द्वारा की जा रही है। यह नर्सिंग होम संचालक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक की मिली भगत से कार्य करते रहते हैं और सरकारी अस्पताल से रेफर कर मरीज इन नर्सिंग होम में जाते रहते हैं और जिम्मेदार अधिकारी जानकर भी अंजान बने हुए हैं । नगर व क्षेत्र में लगातार मानक विहीन नर्सिंग होम का संचालन हो रहा है ।इन नर्सिंग होम के मुख्य द्वार पर डॉक्टर व सर्जन की इतनी लंबी लिस्ट लगी होती है जिसको पढ़ने में काफी समय लगता है मगर यह लोग इस नर्सिंग होम के आसपास भी नजर नहीं आते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक की मिली भगत से इन नर्सिंग होम में मरीजो के साथ खुलकर लूटपाट होती रहती है। इलाज के नाम पर यह मरीज लूटते रहते हैं। खास बात तो यह है सरकारी अस्पताल से मरीज को रेफर किया जाता है और अपनी नजदीकी नर्सिंग होम में लेनदेन के चलते उनको भेज दिया जाता है। वही सरकारी अस्पताल में तैनात सर्जन ऑपरेशन करने के लिए जाते रहते हैं यह सब जानकर जिम्मेदार अधिकारी बेखबर हैं।

विद्युत करंट की चपेट से अधेड़ युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के मुरव्वतपुर गांव में एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने विद्युत विभाग और स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। रविवार को मोर्चरी पहुंचे परिजन रो-रोकर बेहाल होते रहे ।जानकारी के अनुसार मृतक किसान अर्जुन (50) के परिजनों के अनुसार वह अपने खेतों में काम करने के बाद रोज की तरह नहाने के लिए पानी भरने के लिए मोटर पंप का उपयोग कर रहे थे। जब उन्होंने प्लग बोर्ड में मोटर पंप का प्लग लगाया, तभी अचानक करंट लगने से वह गिर पड़े। परिजन तुरंत उन्हें मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।अर्जुन की पत्नी आशा देवी, जो पूर्व प्रधान रह चुकी हैं, इस घटना से बेहद आहत हैं। उनके चार बच्चे हैं मनीष नारायण, अभिषेक, अंजली और एक छोटी बेटी। परिवार के सदस्य इस दुखद घटना के बाद बुरी तरह से टूट चुके हैं। अर्जुन का परिवार बेहद साधारण था। लेकिन उनकी मेहनत और संघर्ष से परिवार का भरण-पोषण होता था। घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जाएगी और उचित कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव में बिजली की स्थिति काफी खराब है और अक्सर ऐसी घटनाएं होती रहती हैं ।गांव के सरपंच ने बताया कि वे इस घटना से बहुत दुखी हैं और परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि बिजली की समस्या को हल करने के लिए अधिकारियों से संपर्क किया जाएगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। परिजन ने घटना को लेकर कहा कि खंभे में करंट आ रहा था।

असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ चयन बधाई देने वालो का लगा तांता

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा निवासी व संडीला मार्ग स्थित आर एस इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र डॉक्टर अब्दुल महबूब का चयन जापान के प्रतिष्ठित क्योटो विश्वविद्यालय में भू विज्ञान विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर किया गया। अब्दुल महबूब के चयन होने पर नगर और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके घर पर बधाई देने वालों का ताता लग गया। आज शनिवार को आर एस इंटर कॉलेज के प्रबंधक द्वारा उन्हें विद्यालय में सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक रिजवान अहमद ने अपने होनहार छात्र डॉक्टर अब्दुल महबूबको मोमेंटो भेंट कर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया ।इस अवसर पर प्रबंधक श्री अहमद ने स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर महबूब ने भी इसी विद्यालय से शिक्षा ग्रहण की है। उन्होंने हाई स्कूल और इंटर की पढ़ाई इसी विद्यालय से की है। उन्होंने बताया कि डॉक्टर महबूब नेट एवं पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने के बाद इस ऊंचाई तक पहुंचे हैं। डॉक्टर अब्दुल महबूब ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिक शिक्षा यद्यपि एक मदरसे से हुई। लेकिन इस स्कूल के मैनेजमेंट एवं शिक्षकों के सही निर्देशन व कठिन परिश्रम के बल पर वह यह मुकाम हासिल कर सके हैं। उन्होंने बच्चों से ईमानदारी और मेहनत से शिक्षा ग्रहण करने की अपील की। इस दौरान कॉलेज के कोऑर्डिनेटर आमिर अहमद एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म के आरोप में पंजिकृत आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया बारा सगवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासिनी मां की तहरीर पर 14 सितंबर 2024 को दुष्कर्म का मुकदमा युवक पर दर्ज कराया था जांच के दौरान पुलिस ने पास्को एक्ट की भी धारा बढ़ाई लगातार कई दिनों से फरार चल रहा वांछित युवक भोली उर्फ शुभम पुत्र महेश निवासी जयराज मऊ को पुलिस ने रविवार को गंगा नहर पुलिया ऊचगांव के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। पति पत्नी में हुए विवाद के चलते 35 वर्षीय युवक रामू ने पेंड में प्लास्टिक की रस्सी से लटका देखकर पत्नी के होश उड़ गये ।पत्नी से मिली सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम को भेजा ।कोतवाली के गांव हीराखेडा का रामू 35वर्षीय खेती करता है ।पुलिस के अनुसार शनिवार की शाम रामू घर आया तभी पत्नी सोनी से किसी बात पर विवाद के बाद पति रामू नाराज होकर घर से चला गया रात में चला गया वापस न आने पर पत्नी सोनी व बच्चों ने खोजबीन भी हुई । पता न चलने पर रविवार की सुबह घर से कुछ दूरी पर कंजी के पेड में प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटका देखकर पत्नी सोनी के होश उड़ गये ।पत्नी सोनी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन करके पोस्टमार्टम को भेजा।

हिस्ट्रीशीटरो पर पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। थाना पुलिस द्वारा हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ एक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का आयोजन पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के कुशल निर्देशन ओर क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ अरविंद चौरासिया के नेतृत्व में किया गया। इस चेकिंग अभियान में कुल 7 टीमें बनाई गईं, जिनमें 2 निरीक्षक, 7 उपनिरीक्षक और 49 आरक्षी शामिल थे ।पुलिस ने बांगरमऊ क्षेत्र में स्थित कस्बे में यह अभियान चलाया। अभियान के दौरान 34 हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन किया गया। पुलिस ने इन हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के आधार पर उन्हें थाने पर लाकर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू की ।यह अभियान मुख्य रूप से क्षेत्र में बढ़ते अपराध को रोकने और स्थानीय नागरिकों के बीच सुरक्षा का एहसास कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। पिछले कुछ समय से हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों में बढ़ोतरी को देखते हुए यह आवश्यक समझा गया कि इस प्रकार की सघन चेकिंग की जाए ।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि यह अभियान केवल एक शुरूआत है। भविष्य में भी इस तरह के चेकिंग अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे। उनका कहना है कि पुलिस प्रशासन का लक्ष्य है कि अपराधियों में भय उत्पन्न किया जाए और आम जनता को सुरक्षा का अनुभव हो।अभियान के दौरान पुलिस ने स्थानीय नागरिकों से भी सहयोग मांगा। पुलिस ने बताया कि आम जनता की सहायता से ही वे अपराधियों को पकड़ने में सफल हो सकते हैं। इसके अलावा, उन्होंने लोगों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की अपील की।

सिपाही ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। एक सिपाही ने शनिवार रात सुसाइड कर लिया। उसने पुलिस लाइन के पास में एक किराए के मकान में फांसी लगा ली। सिपाही जीडी कार्यालय में तैनात था। उसके साथी सिपाही ने कमरे पर जाकर देखा, तो सुसाइड का पता चला। उसने घटना की जानकारी अफसरों को दी ।मौके पर पहुंचे पुलिस अफसरों ने जांच पड़ताल के बाद शव को मॉच्युर्री भेज दिया। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। घटना की जानकारी परिजनों को दी है ।2019 बैच का सिपाही प्रदीप राठी पुत्र इंद्रपाल सिंह बागपत के ग्राम गांगनौली थाना दोहाट का रहने वाला था। वह उन्नाव पुलिस लाइन में जीडी कार्यालय की शाखा में तैनात था। अधिकतर नाइट ड्यूटी करता था। शनिवार रात जब वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचा, तो उसका साथी कमरे पर देखने पहुंचा। उसने देखा कि प्रदीप फांसी के फंदे से लटक रहा था। यह देख वह चीखने-चिल्लाने लगा। आवाज सुनकर मकान मालिक और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे ।उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी प्रमोद मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ सिटी, अपर पुलिस अधीक्षक प्रेम चंद्र, प्रतिसार निरीक्षक अब्दुल रसीद समेत अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। सिपाही के शव को फंदे से नीचे उतारा गया। शव इमरजेंसी में भेजने के बाद मॉच्युर्री में रखवा दिया गया ।पुलिस ने घटना की जानकारी बागपत में रह रहे प्रदीप के परिजनों को दी। पुलिस की प्राथमिक जांच में किसी तरह का कोई सुसाइड नोट नहीं बरामद हुआ। फिलहाल परिजनों के आने के बाद घटना का कारण साफ होने की उम्मीद जताई जा रही है ।घटना के बाद कई पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। लोग प्रदीप के व्यवहार को लेकर चर्चा करते रहे। उनका कहना था, प्रदीप मिलनसार स्वभाव का था। वह किसी से ज्यादा मतलब नहीं रखता था। इतना बड़ा कदम क्यों उठाया, यह सवाल हर किसी के मन में चल रहा था ।हालांकि, घटना के बाद कुछ लोग इसे पारिवारिक समस्या बता रहे, तो कुछ निजी समस्याओं को लेकर चर्चा करते रहे। फिलहाल घटना का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस जांच कर रही है। सिपाही के मोबाइल से ज्यादा जानकारी मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

चोरी की सरिया लेकर जा रहे दो युवकों को पुलिस ने धर दबोचा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण प्रगति पर है चोरी से जा रही सरिया व वाहन सहित दो लोगों को पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लियो थाना बिहार के अंतर्गत कई गावों से होकर गंगा एक्सप्रेसवे गुजर रही है किसका निर्माण प्रगति पर चल रहा है बिहार से मौरावा रोड में मलौना देवरा के पास रोड़ में बनाए जा रहे पुल में प्रयोग होने वाली सरिया को ट्रैक्टर ट्राली से कुछ लोगों द्वारा चोरी से ले रहें थे तभी पुलिस को किसी ने सूचना दी सूचना पर पुलिस ने सरिया सहित वाहन को पकड़ लिया जिसमें ड्राइवर सहित दो लोग थे जिनको पड़कर थाने ले गई जिस ट्रैक्टर में सरिया लदी थी उसने अपना नाम सुखराम पुत्र मोहन रावत निवासी मलौना बताया वही जिसके घर सरिया जा रही थी उसने अपना नाम रवि शंकर पुत्र सुंदरलाल निवासी नाथू खेड़ा थाना खीरों जिला रायबरेली बताया रवि शंकर ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे के कर्मचारियों ने मुझे तीन कुंतल सरिया ?12000 दी है पुलिस इन दोनों लोगों को अपनी हिरासत में रखें हुए हैं जिसने सरिया को बेचा है उसकी तलाश कर रही है

पैदल घर जा रहे युवक को बाइक सवार ने मारी टक्कर

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाने के अंतर्गत बकरी चराकर वापस आ रहे व्यक्ति पर नशे की हालत में बाइक चला रहे युवक ने बाइक चढ़ा दी जिससे व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की पत्नी ने नामजद मुकदमा पंजीकृत कराया है ।थाना क्षेत्र के नान्दुलनखेडा निवासिनी धुन्ना देवी पत्नी बुद्धीलाल पासी ने तहरीर देते हुए बताया कि उसके पति बुद्धीलाल पुत्र रामप्रसाद बकरी चराकर दिनांक 19.9.24 को समय शाम 6 बजे वापस घर आ रहे थे। उसी समय गांव के सुशील कुमार पुत्र सुरजू नशे में धुत होकर अपनी मोटर साइकिल से आ रहा था तथा बुद्धिलाल के ऊपर तेजी व लापरवाही से चलाकर गाडी चढा दिया जिससे उसके पैर की हड्डी टूट गयी व गम्भीर रूप से घायल हो गये। 112 नम्बर काल करने 108 एम्बुलेन्स आयी तथा मेरे पति को अस्पताल ले गयी जहाँ से उन्हे उन्नाव रिफर कर दिया गया तथा उनका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

दो अक्टूबर को समाप्त होगे पितृ पक्ष

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। आश्विन मास कृष्ण पक्ष पितृ कार्य 18 सितम्बर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर बुधवार को समाप्त हो रहा यह पक्ष पितृ पूजन कार्य के लिए अमोघ फलदायक होता है। कौन सा श्राद्ध किस दिन करना चाहिए षष्ठी श्रद्ध सोमवार सत्मी श्राद्ध मंगलवार अष्टमी श्राद्ध बुधवार मातृ नवमी श्राद्ध गुरुवार दशमी श्राद्ध शुक्रवार एकदशी श्राद्ध शनिवार द्वादशी श्राद्ध मघा श्राद्ध यति सन्यासी श्राद्ध वैष्णव प्रदोष व्रत 29सितंबर को किया जायेगा त्रयोदशी श्राद्ध एवं मास शिवरात्रि व्रत सोमवार को किया जायेगा चतुदर्शी को अकाल मृत्यु मनुष्यों का श्राद्ध मंगलवार को किया जायेगा जिनकी तिथि न ज्ञात हो और जिनके पितृ छूट गये हो वह सभी भक्त दो अक्टूबर विश्वास के साथ करे आज ही सांयकाल मे पितृ विसर्जन किया जाये अपनी अपनी परम्परा अनुसार शास्त्रीय विधि से पितृ विसर्जन करें उक्त जानकारी आचार्य ऋषि कान्त मिश्र शास्त्री जी ने कही सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्तों को बताई ।इसी शास्त्रीय मान्यता सर्व मान्य काशी विश्व पंचांग तथा निर्णय सिंधु ग्रन्थ के अनुसार करना ही धर्म शास्त्र सम्मत है।

सम्पादकीय

संस्कारहीनता के घातक दुष्परिणाम, नहीं रुक रहे महिलाओं पर होने वाले अपराध

अगर किसी समस्या की गहराई में न उतरा जाया जाए तो वह समस्या फिर-फिर उभर कर आती है।2012 के निर्भया कांड के बाद पूरे देश में हंगामा मचा।सरकार ने जस्टिस वर्मा के नेतृत्व में एक समिति गठित की।समिति ने कानून में बदलाव के अच्छे सुझाव दिए। उन सुझावों पर अमल भी हुआ, लेकिन लगता है कि 12 वर्ष बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। महिलाओं पर होने वाले अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 2020 में महिला संबंधी 3,71,503 अपराध पंजीकृत हुए।2021 में यह संख्या बढ़कर 4,28,278 हो गई और 2022 में 4,45,256 हो गई। यानी 2022 में महिला संबंधी अपराधों में 2021 की अपेक्षा चार प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। किसी समाज का मध्य वर्ग उसकी शक्ति होती है। इसी वर्ग से अधिकांश समाज सुधारक और क्रांतिकारी निकलते हैं।स्वतंत्रता संग्राम में भी इसी मध्य वर्ग ने अहम भूमिका निभाई थी।दुर्भाग्य से आज यह वर्ग आंतरिक कलह, शान शौकत और भोग विलास में लिप्त है। बच्चों को महंगे स्कूल में भेज कर माता-पिता समझते हैं कि कि उनकी जिम्मेदारी पूरी हो गई।लोगों का यही लक्ष्य है कि पैसे कमाओ और जीवन का आनंद लो। बच्चों को मोबाइल और लैपटाप दे दो, वे खुश रहेंगे। मोबाइल-लैपटाप में वे कितना समय लगा रहे हैं, क्या कर रहे हैं, इसकी किसी को कोई चिंता नहीं। इसका नतीजा यह है कि मूल्यों से विहीन पीढ़ियां विकसित हो रही हैं। एक तरफ बच्चों को संस्कार नहीं दिए जाते और जीवन में मूल्यों का महत्व नहीं समझाया जाता। दूसरी तरफ उन्हें पाश्चात्य सभ्यता का एक घिनौना और वीभत्स स्वरूप रोज देखने को मिलता है। भारत में लगभग 75 करोड़ लोग इंटरनेट का प्रयोग कर रहे हैं। यह देश की कुल आबादी का लगभग 52 प्रतिशत है। इस मामले में भारत दुनिया में चीन के बाद दूसरे नंबर पर है ।पढ़ाई की बात करें तो अध्यापकों का ही स्तर इतना निम्न है कि बच्चों को क्या दोष दिया जाए। नेशनल सैंपल सर्वे आगेनाईजेशन के अनुसार एक-तिहाई अध्यापक ऐसे हैं, जिनमें पढ़ाने की अपेक्षित योग्यता नहीं है। उन्हें पढ़ाने की आधुनिक तकनीक का भी कोई ज्ञान नहीं है। फिर भी, कुछ बच्चे अपनी मेहनत और कोचिंग से अच्छे निकल जा रहे हैं। इनमें से कुछ सिविल सेवा परीक्षा भी पास कर लेते हैं। हालांकि, सिविल सेवा में पहुंचकर भ्रष्टाचार की कहानियां भी सामने आती हैं। ऐसे भी उदाहरण हैं कि सिविल सेवा में तो टाप किया, परंतु सचिव-मुख्य सचिव बनने के बाद महाशय सस्पेंड हो गए। बहुत से स्कूल तो फैक्ट्री की तरह चलते हैं। स्कूल में खेलने का कोई मैदान नहीं। बच्चों को केवल रटाने और किताबी कीड़ा बनाने पर जोर है। बच्चे अच्छे नंबर से पास होने चाहिए, केवल यही लक्ष्य होता है। उनके व्यक्तित्व का विकास हुआ या नहीं, उन्हें समाज और देश सेवा की प्रेरणा मिली या नहीं, इन सबसे कोई मतलब नहीं। श्री अरविंद ने हमें बहुत पहले चेतावनी दी थी कि आज की शिक्षा व्यवस्था ऐसे विद्यार्थी तैयार कर रही है जिनमें उस सोच और शक्ति का अभाव है, जिससे एक देश महान बनता है और इसका मुख्य कारण है स्कूल और विश्वविद्यालय में हमें अपने देश के आध्यात्मिक और बौद्धिक ज्ञान के बारे में कुछ नहीं पढ़ाया जाता। एक तरफ बच्चों को संस्कार नहीं दिए जाते और जीवन में मूल्यों का महत्व नहीं समझाया जाता। दूसरी तरफ उन्हें पाश्चात्य सभ्यता का एक घिनौना और वीभत्स स्वरूप रोज देखने को मिलता है। भारत में लगभग 75 करोड़ लोग इंटरनेट का प्रयोग कर रहे हैं। यह देश की कुल आबादी का लगभग 52 प्रतिशत है। इस मामले में भारत दुनिया में चीन के बाद दूसरे नंबर पर है। एक दृष्टिकोण से यह हमारी प्रगति का सूचक है, परंतु इसका दूसरा पहलू भी है कि आज इंटरनेट अश्लील सामग्री से भरा पड़ा है। दुनिया में अश ?लील सामग्री का प्रति वर्ष करीब 57 अरब डालर का उद्योग है। गूगल के अनुसार अश्लील सामग्री देखने वाले देशों में शीर्ष पर पाकिस्तान के बाद मिस्त्र, वियतनाम, ईरान और मोरक्को के बाद छठे स्थान पर भारत है। यह कोई गर्व का विषय नहीं है। अश्लील सामग्री देखने के बाद मस्तिष्क में कैसे विकृत विचार उठते हैं, यह कहने की आवश्यकता नहीं। दुष्कर्म की घटनाएं इसी विकृति का भी परिणाम होती हैं। किसी ने सही कहा है कि अश ?लील सामग्री थ्योरी होती है और दुष्कर्म उसकी प्रैक्टिस। कोलकाता के चर्चित दुष्कर्म एवं हत्या के कांड में जो अपराधी संजय राय पकड़ा गया, उसके मोबाइल में अश्लील सामग्री की बहुत सामग्री थी। निर्भया कांड के अपराधियों को भी अश्लील सामग्री देखने की लत थी। अश्लील सामग्री का हमारे युवा वर्ग पर भयंकर असर पड़ रहा है। ओटीटी प्लेटफार्म सेंसर से परे हैं। उनमें

आज का राशिफल

मेष : कानूनी सहयोग मिलेगा। लाभ में वृद्धि होगी। रुके कार्यों में गति आएगी। तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यापार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ रहेगा। थकान महसूस हो सकती है। आलस्य हावी रहेगा।

वृष : सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। योजना फलीभूत होगी। किसी बड़ी समस्या का हल एकाएक हो सकता है। प्रसन्नता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। आय में वृद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। प्रमाद न करें।

मिथुन : डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा लाभदायक रहेगी। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यवसाय में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। किसी अपने का व्यवहार दुःख पहुंचाएगा। कानूनी समस्या हो सकती है।

कर्क : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। यात्रा में कोई चीज भूलें नहीं। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

लापरवाही न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें। लाभ होगा। लाभ में कमी रह सकती है। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आलस्य न करें।

सिंह : जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा लाभदायक रहेगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। रोजगार प्राप्ति होगी। किसी बड़ी समस्या का हल निकलेगा। प्रसन्नता रहेगी। भाग्य अनुकूल है। लाभ लें। प्रमाद न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कन्या : पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। मित्रों तथा पारिवारिक सदस्यों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। शत्रुओं का पराभव होगा। प्रमाद न करें।

तुला : सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नए काम करने की इच्छा बनेगी। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। मनोरंजन का वक्त मिलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें।

वृश्चिक : बेवजह दौड़धूप रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कोई शोक समाचार मिल सकता है। अपेक्षित कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। दूसरों को कार्य में हस्तक्षेप न करें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

धनु : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। व्यापार ठीक चलेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर संयम रखें। अनहोनी की आशंका रहेगी। पारिवारिक जीवन सुख-शांति से बीतेगा। प्रसन्नता रहेगी।

मकर : भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार अच?छा चलेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। मातहतों का सहयोग मिलेगा। कर्ज की रकम चुका पाएंगे। प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे। आलस्य न करें। निवेश शुभ रहेगा।

कुंभ : कोर्ट व कचहरी में लाभ की स्थिति बनेगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पिछले लंबे समय से रुके कार्य बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। घर-परिवार की चिंता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। व्यापार लाभदायक रहेगा। प्रयास करें।

मीन : चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। भाइयों से कहासुनी हो सकती है। आय बनी रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में सहकर्मी विरोध कर सकते हैं।

कृषि विकास से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

वर्ष 2024-25 के बजट के तहत किसानों के कल्याण और कृषि को विकास का इंजन बनाने की रणनीति के तहत किसानों के हित में कृषि व ग्रामीण क्षेत्र की क्षमता के दोहन के जो अभूतपूर्व कदम आगे बढ़ाए गए हैं, उनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकी जा सकेगी। निःसंदेह सरकार ने कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित किया है। कृषि व ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। विश्व बैंक के द्वारा जारी 'इंडिया डेवलपमेंट अपडेट' रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि क्षेत्र में सुधार व ग्रामीण मांग में तेजी के चलते भारत की विकास दर 7 फीसदी के स्तर पर पहुंचते हुए दिखाई देगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में किसानों के हित में दो बड़े फैसले लिए गए हैं। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना को जारी रखा जाएगा, साथ ही रबी मौसम के लिए उर्वरकों पर सब्सिडी को भी मंजूर कर लिया है। इन दोनों योजनाओं पर लगभग 60000 करोड़ रुपये व्यय होंगे। इससे जहां किसानों को उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य मिलेगा, वहीं उपभोक्ताओं को भी फायदा होगा। इस परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले 100 दिनों में कृषि एवं ग्रामीण विकास उन्नयन के प्रयास इस क्षेत्र के लिए मील का पत्थर हैं और इससे जहां किसान लाभांवित हो रहे हैं, वहीं ग्रामीण विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। ऐसे में अर्थ विशेषज्ञों का मत है कि यद्यपि देश की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, लेकिन अभी भी सरकार के द्वारा कृषि और ग्रामीण विकास की नई योजनाओं के क्रियान्वयन तथा बहुआयामी चुनौतियों के तत्परतापूर्वक समाधान करने के लिए तेजी से आगे बढ़ना होगा।

पिछले दिनों केंद्र सरकार ने जहां बासमती चावल और प्याज निर्यात पर राहत दी है, वहीं खाद्य तेलों के आयात शुल्क में कुछ वृद्धि की है, उसका मकसद किसानों को अच्छी कीमत मिल सके और मुद्रास्फीति भी नियंत्रित रहे। ज्ञातव्य है कि केंद्र सरकार ने खाद्य वस्तुओं के निर्यात के परिप्रेक्ष्य में जो निर्णय लिए हैं उनके तहत बासमती चावल पर लागू 950 डॉलर न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) और प्याज के निर्यात पर लागू 550 डॉलर न्यूनतम एमईपी को हटाने के साथ ही प्याज पर निर्यात शुल्क 40 फीसदी से घटाकर 20 फीसदी करना शामिल है। खाद्य वस्तुओं के आयात संबंधी फैसले के तहत सरकार ने शून्य आयात शुल्क पर पीली मटर आयात की अवधि 31 सितंबर से बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दी है। इसके साथ-साथ कच्चे पाम तेल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर प्रभावी आयात शुल्क 12.5 फीसदी से बढ़ाकर 32.5 फीसदी कर दिया है। रिफाइंड तेल पर प्रभावी आयात शुल्क अब 13.75 फीसदी से बढ़ाकर 35.75 फीसदी किया गया है। इसी तरह 2 सितंबर को केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कैबिनेट की मीटिंग में कृषि क्षेत्र से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। इसमें कृषि क्षेत्र के विकास की सात बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन पर कुल 14000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इनमें से 2,817 करोड़ रुपये डिजिटल कृषि मिशन के लिए दिए जाएंगे। वहीं, फसल विज्ञान पर 3,979 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कृषि शिक्षा और प्रबंधन को बेहतर करने के लिए 2,291 करोड़ रुपये के प्रोग्राम को मंजूरी दी गई। पशुधन के स्थायी स्वास्थ्य के लिए 1,702 करोड़ रुपये के प्लान को मंजूरी दी गई है। गौरतलब है कि कृषि अनुसंधान को बढ़ावा देने के अभियान के तहत पिछले दिनों 11 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) परिसर के खेतों में जाकर 61 फसलों की 109 नई एवं उन्नत किस्में जारी करते हुए कहा कि इनसे देश में कम जमीन में अधिक पैदावार लेने और किसानों

की आय बढ़ाने में मदद मिल सकेगी । इससे महंगाई से भी बचाव होगा। किसानों को फायदा पहुंचाने के इन प्रयासों के साथ एक महत्वपूर्ण कार्य यह भी रेखांकित हो रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने जहां 18 जून को किसानों को 'पीएम किसान सम्मान निधि' की 17वीं किस्त जारी करने से जुड़ी फाइल पर हस्ताक्षर किए और कहा कि इससे 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा, वहीं 19 जून को 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बढ़ाने के लिए मंजूरी दी।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024-25 के बजट के तहत किसानों के कल्याण और कृषि को विकास का इंजन बनाने की रणनीति के तहत किसानों के हित में कृषि व ग्रामीण क्षेत्र की क्षमता के दोहन के जो अभूतपूर्व कदम आगे बढ़ाए गए हैं, उनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकी जा सकेगी। निःसंदेह सरकार ने कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित किया है। कृषि व ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। इसी के मद्देनजर इन दिनों प्रकाशित हो रही वैश्विक आर्थिक संगठनों और वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों की रिपोर्टों में भारत में कृषि सेक्टर में सुधार और ग्रामीण खपत में वृद्धि के मद्देनजर भारत की विकास दर के अनुमान बढ़ाए गए हैं। 3 सितंबर को विश्व बैंक के द्वारा जारी 'इंडिया डेवलपमेंट अपडेट' रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि क्षेत्र में सुधार व ग्रामीण मांग में तेजी के चलते भारत की विकास दर 7 फीसदी के स्तर पर पहुंचते हुए दिखाई देगी। इसमें कोई दोमत नहीं है कि सरकार को इस वर्ष जो बेहतर मानसून विरासत में मिला है, उससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था रफ्तार से बढ़ रही है।

बेहतर मानसून से ग्रामीण इलाकों में खपत बढ़ रही है। ऊंचे स्तर पर पहुंची महंगाई के स्तर में भी कमी आई है। 12 सितंबर को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई अगस्त 2024 में 3.65 फीसदी के स्तर पर आई है, जबकि जुलाई 2024 में खुदरा महंगाई दर 3.54 प्रतिशत थी। सुकूनदेह स्थिति यह है कि खुदरा महंगाई दर पिछले 5 वर्षों के सबसे कम और रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित 4 प्रतिशत के लक्ष्य से भी नीचे आ जाने से अर्थव्यवस्था को मजूबती मिलती दिखाई दी है। ऐसे में इस बात के कयास लगाये जा रहे हैं कि रेपो रेट में कटौती कर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) महंगी ईएमआई के बोझ से राहत दे सकता है। आरबीआई के लिए राहत की बात ये भी है कि इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल के दाम भी दिसंबर 2021 के बाद सबसे निचले लेवल 70 डॉलर प्रति बैरल तक लुढ़क गए हैं। सरकार के सामने खाद्य वस्तुओं की महंगाई पर सतर्कता रखने के साथ-साथ घटी हुई कृषि विकास दर, गेहूं भंडारण में कमी, खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने तथा खाद्य उत्पादों की बर्बादी रोकने तथा किसानों के असंतोष का समाधान करने की चुनौतियां हैं। जहां वित्त वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर 8.2 फीसदी रही, वहीं कृषि विकास दर महज 1.4 फीसदी ही रही है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भी जीडीपी में कृषि योगदान बढ़ाने की चुनौती दिखाई दे रही है। हम उम्मीद करें कि सरकार ने पिछले 100 दिनों में जिन योजनाओं की पहल की है, उनके लाभों और प्रयोगों के बारे में किसानों को प्रशिक्षित किया जाएगा। नई कृषि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल, जलवायु अनुकूल कृषि-खाद्य प्रणाली अपनाएं जाने, अधिक ग्रामीण कच्ची सड़कों को मंडियों से जोड़ने, जैसी नीतिगत प्राथमिकताओं, आपूर्ति श्रृंखला में सुधार के साथ-साथ वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट के तहत कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़ी व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन की डगर पर लगातार आगे बढ़ा जाएगा।

आध्यात्मिक चेतना आखिर क्या है?



संकलित

दर्शन

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम सांसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सवरेत्तम रूप है।

हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो

संकलित

प्रेरणा

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है।आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाये, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं।

सुप्रीम कोर्ट में ड्रेस कोड चाहिए पर स्कूल में ...!

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में देशभर के वकीलों के लिए गर्मी के मौसम में ड्रेस कोड में ढील देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में सुझाव दिया गया था कि वकील गर्मी के कारण पारंपरिक गाउन पहनने में असुविधा महसूस कर रहे हैं, किंतु सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने जब इस याचिका को सुना तब साफ कह दिया कि पेशेवर शिष्टाचार बनाए रखना आवश्यक है। अलग-अलग स्थानों पर जलवायु के अनुसार वकीलों को पेशेवर रूप से व्यवहार करना चाहिए। वकील कुर्ता-पायजामा या शॉर्ट्स-टी-शर्ट पहन कर बहस नहीं कर सकते। वकीलों को यह समझना चाहिए कि उनकी वेशभूषा उनके पेशेवर आचरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका मतलब यह है कि अदालतें वकीलों के लिए निश्चित स्तर की पेशेवरता की अपेक्षा करती हैं, जिससे अदालत की गरिमा बनी रहे। आप कह सकते हैं कि सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णयस्पष्ट करता है कि वकीलों के लिए पेशेवरता औरगरिमा का पालन आवश्यक है। यह न केवल व्यक्तिगत चित्रण को दशार्ता है, बल्कि यह अदालत छवि और उसकी गंभीरता को भी बनाए रखता है। अब उच्चतम न्यायालय के आए इस निर्णय की तुलना कोर्ट के पिछले माह दिए गए निर्णय से करते हैं, बातवहां भी ड्रेस कोड की ही थी, किंतु यही माननीयसुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के निर्णय ने जैसे एकसमाज को ही कटघरे में खड़ा कर दिया था। कहनाहोगा कि नौ अगस्त को आए एक निर्णय में आज फिरसे एक बार उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर विचारकरने के लिए विवश कर दिया है। पूरी कहानी कुछयूं है कि मुंबई के एन. जी.

आचार्य और डी. के. मराठेकॉलेज ने कैंपस में हिजाब, नकाब, बुर्का, स्टोलऔर टोपी पहनने पर बैन लगाया था। इस निर्णय केविरोध में नौ लड़कियां बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंची ।हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने पर उन्होंने सुप्रीमकोर्ट में अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम आदेशमें कॉलेज सर्कुलर लागू करने पर 18 नवंबर तकरोक लगा दी। यहां जस्टिस संजीव खन्ना औरजस्टिस संजय कुमार की पीठ का कहना रहा,स्टूडेंट्स को क्या पहनना या क्या नहीं पहनना है, यहवही तय करेंगे।एजुकेशनल इंस्टीट्यूट स्टूडेंट्स परअपनी पसंद नहीं थोप सकते। पीठ ने मुस्लिम छात्रोंके लिए ड्रेस कोड को लेकर जन्में नए विवाद केकेंद्र में आए कॉलेज प्रशासन से कहा छात्राओं कोयह चयन करने की आजादी होनी चाहिए कि वे क्यापहनें और कॉलेज उन पर दबाव नहीं डाल सकताह्वयह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आपको अचानक पता चलताहै कि देश में कई धर्म हैं। अगर कॉलेज का इरादाछात्राओं की धार्मिक आस्था के प्रदर्शन पर रोकलगाना था, तो उसने तिलक और बिंदी परप्रतिबंध क्यों नहीं लगाया ?अब जरा उस सर्कुलर को भी देख लेते हैं, जोकॉलेज की ओर से जारी किया गया था, वस्तुतः इसमेंतीन बिन्दुओं में बात रखी गई है एक-छात्रों को परिसरमें औपचारिक और सभ्य पोशाक पहननी चाहिए। वेहाफ शर्ट या फुल शर्ट और ट्राउजर पहन सकते हैं ।लड़कियां कोई भी भारतीय या पश्चिमी पोशाक पहनसकती हैं। छात्रों को ऐसा कोई भी परिधान नहींपहनना चाहिए जो धर्म या सांस्कृतिक असमानता कोदशार्ता हो। नकाब, हिजाब, बुर्का, स्टोल, टोपी, बैजआदि को ग्राउंड फ्लोर पर कॉमन रूम में जाकरउतारना होगा और उसके बाद ही वे पूरे कॉलेजपरिसर में घूम सकते हैं। जींस, टी-शर्ट, रिवीलिंग ड्रेसऔर जर्सी की अनुमति नहीं है। दो-अपने व्याख्यान/ प्रैक्टिकल के लिए समय से पहले पहुंचें। तीन-75% उपस्थिति अनिवार्य है। शिक्षा में अनुशासनसफलता की कुंजी है। यहां गहराई से देखने पर कहींप्रतीत नहीं हो रहा है कि एक विशेष समुदाय को टार्गेटकरके यह आदेश महाविद्यालयों ने निकाला था ।हालांकि हम मानकर चलते हैं कि जिस बिंदी कान्यायालय हवाला दे रहा था, उसके बारे में न्यायालयको भलीभांति पता ही होगा कि सिर्फ हिन्दू युवतियांही बिंदी नहीं लगातीं, उसे तो अन्य तमाम मत, पंथों,रिलीजन, मजहब को माननेवाली महिलाएं भी लगातीहैं। यानी बिंदी की सार्वजनिक स्वीकृति है। तिलक भीबिंदी की तरह ही एक भाग है, फिर कोर्ट को यह भीपता ही है कि सिख पगड़ी पहनते हैं, उन्हें ये अधिकारसार्वजनिक रूप से हर जगह सामाजिक स्वीकृति केतहत पूरी तरह से मान्य किया गया है। फिर यहस्वीकार्यता इसलिए भी है क्योंकि भारत की सिखआबादी 20.8 मिलियन है, जो देश की कुल संख्याका केवल 1.72% है। इसका अर्थ है कि एक कक्षामें एक छात्र या अधिकतम दो ही मुश्किल से सिखहोंगे, किंतु क्या यह मुसलमानों पर लागू होता है। वहतो देश की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या है ।भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29, 30, 350ए तथा350बी में अल्पसंख्यक शब्द का प्रयोग किया गयाहै लेकिन इसकी परिभाषा कहीं नहीं दी गई है। यहविडंबनापूर्ण स्थिति है कि कहीं पर कोई समुदाय जो96, 98 प्रतिशत है वह अल्पसंख्यक है और वहीं,किसी राज्य में 2 प्रतिशत आबादी वाले लोगबहुसंख्यक हैं और अल्पसंख्यक को मिलने वालेलाभ से वंचित हैं। संयुक्त राष्ट्र की परिभाषा के अनुसार, ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिकतथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो औरजिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहाजाएगा।

ट्रेंड

जनता-जनार्दन का शुक्रिया

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बंपर वोटिंग ने पत्थरबाजी और दहशतगर्दी की हमदर्द पार्टियों को खारिज कर दिया है। यहां की अवाम को मोदी की सुरक्षित और समृद्ध जम्मू-कश्मीर की गारंटी पर पूर्ण विश्वास है। जनता-जनार्दन को तहेदिल से शुक्रिया।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

ताजमहल की दुर्दशा

विश्वभर के पर्यटकों को आकर्षित करने वाले 'ताजमहल' के रख-रखाव को लेकर भाजपा सरकार व उसके सुषुप्त निष्क्रिय विभाग पूरी तरह से नाकाम है। मुख्य गुंबद से पानी टपक रहा है,परिसर बंदरों के लिए अभयारण्य बन गया है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

भारतीय पर्यटन गति पकड़े

भारतीय पर्यटक रिकॉर्ड संख्या में विदेश यात्रा कर रहे हैं। अब समय आ गया है कि भारतीय पर्यटन भी गति पकड़े। अन्य देशों के पास पर्यटन अनुभवों की इतनी विविधता नहीं है, जितनी भारत के पास है।

-अनिल अग्रवाल, भारतीय उद्योगपति

मेरे प्रशंसकों का धन्यवाद

मुझे इतना प्यार देने के लिए मेरे सभी प्रशंसकों को बहुत-बहुत धन्यवाद! पिछले 10 महीनों में दुनियाभर में बड़े शो और भव्य आयोजनों आदि के लिए यात्रा की इतने प्यार के लिए धन्य महसूस कर रही हूं।

- अमीषा पटेल, अभिनेत्री

संक्षेप

रामपुर में सड़क हादसे में 2 युवकों की मौत

अमन लेखनी समाचार

रामपुर, रामपुर में दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे 2 युवकों की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर मॉच्युर्री भिजवा दिया है। युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। घटना थाना स्वार क्षेत्र के ग्राम पंचायत मीरापुर के पास किलाखेड़ा मार्ग की है। यहां आपस में दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई। इसमें अमरीश कुमार सैनी पुत्र राम सिंह सैनी निवासी अलीपुर जागीर और रेहान पुत्र नफीस अहमद निवासी चक स्वार की मौत हो गई। हादसे में विक्की चंद्रा और विनीत निवासी गदरपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सीओ अतुल कुमार पांडे घटना की जानकारी मिलने पर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से स्वार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। साथ ही दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल की मॉच्युर्री भिजवाया। परिजनों ने बताया कि नफीस किसी काम से स्वार से मीरापुर जा रहा था।

सिद्धार्थनगर में एसपी ने ली परेड की सलामी

अमन लेखनी समाचार

सिद्धार्थनगर, एसपी प्राची सिंह ने पुलिस लाइन्स में साप्ताहिक परेड की सलामी ली और परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। परेड के दौरान एसपी ने पुलिस कर्मियों की शारीरिक फिटनेस के लिए दौड़ भी लगवाई। इसके अलावा, अनुशासन और एकरुपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल का आयोजन किया गया। एसपी ने पुलिस लाइन में स्थित मेस के भोजन की गुणवत्ता का भी परीक्षण किया और सभी गार्द रजिस्टरों की जांच करते हुए गार्द कमांडरों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एसपी प्राची सिंह ने पुलिस कर्मियों को उनके कार्य में उत्कृष्टता और सजगता बनाए रखने का महत्व समझाया, ताकि वे जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से निभा सकें।

डीएम अचानक पहुंचे कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय

अमन लेखनी समाचार

सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर में जिलाधिकारी ने शोहरतगढ़ ब्लॉक के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय चिल्हिया का अचानक दौरा किया। इस दौरे के समय विद्यालय में 329 बच्चों का नामांकन था। जिनमें से 310 बच्चे ही उपस्थित थे। डीएम ने पीटीएम रजिस्टर, निपुण तालिका, शिक्षक डायरी, साप्ताहिक आकलन, ट्रैकर, मिड-डे-मील रजिस्टर जैसी चीजें जांची। उन्होंने कम्पोजिट ग्रांट की सूची को स्कूल की दीवार पर लगाने का निर्देश दिया।

नाले में नहाने गए ममेरे भाई-बहन की डूब कर हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम

थाना मोतीपुर क्षेत्र के मनगौढ़िया मोतीपुरवा गाँव का मामला

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। नाले में नहाने गए ममेरे भाई बहन की गहरे पानी में डूब जाने से मौत हो गई। वही ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाल लिया है। मौके पर पहुंची राजस्व पुलिस की टीम ने पंचनामा करवा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। तहसील मिहीपुरवा थाना मोतीपुर क्षेत्र के ग्रामपंचायत मनगौढ़िया के मजरा मोतीपुरवा में रविवार को गांव निवासी बदलू की 10 वर्षिय बेटी रिंकी व बदलू का 10 वर्षिय भांजा धर्मेन्द्र निवासी प्रताप पुर जिला लखीमपुर खीरी गर्मी अधिक होने की वजह से नाले में नहाने चले गये और नाले में नहाते समय डूबकर मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों मे कोहराम मच गया।वही स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चों के शवों को नाले से बाहर निकाला गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना व तहसील को दी। मौके पर पहुंचे तहसीलदार अंबिका चौधरी ने मौके का मुआयना किया तथा पंचनामा करवा करवाया थाना मोतीपुर की पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए दोनों बच्चों के शव को भेज दिया है। मृतक दोनों बच्चे रिश्ते में ममेरे भाई-बहन लगते थे। दोनों बच्चों की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मौके पर देखने वालों का तांता लगा हुआ है हर किसी की आंखें नम हो रही हैं रिश्तेदार ढांढस बंधा रहे हैं।

विभिन्न स्थानों से खैरीघाट पुलिस ने पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच द्वारा पूर्व से वांछित चल रहे वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिए गए कड़े दिशा निर्देश के क्रम में अ0पु0अधी0 (ग्रामीण) व सीओ महसी के निर्देशन में थानाध्यक्ष खैरीघाट संजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा रविवार को विभिन्न अधिनियमों में पांच वारंटी अभियुक्तों 1- लल्लू राम पुत्र मिश्रीलाल नि0- गौढिया दा0 धनवा 2- रईस अहमद उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र खलील निवासी ललईपुरवा दा0 बौड़ी 3- हरिराम लोध पुत्र पारसनाथ 4- रूपनरायन लोध निवासीगण बेहड़ा थाना खैरीघाट 5- पप्पू सिंह पुत्र रामराज सिंह निवासी पंडितपुरवा दा0 पिपरिया थाना खरीघाट जनपद बहराइच को उपनि0 माकंडेय तिवारी, उपनि0राजेश पांडे, उपनि0 राजीव मिश्रा (चौकी प्रभारी वैवाही) व महबूब आलम आदि द्वारा विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया गया। गिरफ्तारी की सूचना वारंटियों के परिजनों को जरिये उचित माध्यम दी गई।

अमेठी में 33 साल बाद पूरी हुई चकबंदी

- सरवनपुर गांव में ग्रामीणों को बांटा गया फार्म सीएच-45

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी के तहसील क्षेत्र में पिछले 33 साल से चल रही चकबंदी की प्रक्रिया पूरी हो गई। आज चकबंदी अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों को फार्म सीएच 45 का वितरण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर चकबन्दी अधिकारी न्यायालय में आवेदन करने की बात कही गई। इस दौरान ग्राम प्रधान समेत ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। दरअसल अमेठी तहसील क्षेत्र के सरवनपुर गांव में 1991 से चकबंदी प्रक्रिया शुरू हुई। पिछले 33 सालों से चल रही चकबंदी प्रक्रिया 2024 में 18 सितंबर को समाप्त हुई। 20सितंबर बुधवार को चकबंदी के अधिकारियों द्वारा पंचायत भवन में ग्राम प्रधान की मौजूदगी में सीएच 45 फार्म का वितरण किया गया। चकबंदी अधिकारी सहायक चकबंदी अधिकारी कुसुम गुप्ता, चकबंदी अधिकारी जावेद अहमद, सहायक चकबंदी अधिकारी कमाल अहमद और चकबंदी अधिकारी सुभाष नेतृत्व में गांव में चल रही चकबंदी प्रक्रिया पूरी की गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को सीएच 45 फार्म का वितरण करते हुए कहा कि आप सब लोग अपनी खतौनी प्राप्त कर ले।

उधार के पैसे मांगने पर युवक की पिटाई

- 37 लाख रुपए लिए थे, कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, हापुड़ में सिटी कोतवाली इलाके के मोहल्ला काजीवाड़ा निवासी एक व्यक्ति ने दवाइयों का व्यापार करने के लिए 37 लाख रुपए उधार लिए। पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के साथ तमंचे के बल पर मारपीट कर गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। भाई और पिता उसे बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला काजीवाड़ा निवासी सुहैल ने यहां के एक अदालत में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी सुहैल हाल निवासी मोहल्ला निवाजीपुरा थाना हापुड़ नगर से घनिष्ठ दोस्ती थी। आरोपी सुहैल ने फार्मा का कोर्स करने व दवाइयों का व्यापार करने की उससे बात कही। आरोपी ने उससे इस व्यापार में रुपये लगाने व मुनाफा का पांच प्रतिशत हर महीने उसे देने का विश्वास दिलाया। आरोपी की बातों पर विश्वास कर उसने 24 मार्च 2022 को एक तहरीर स्टांप पर टाइप कराकर उसने आरोपी को एक लाख रुपये नगद दे दिए।

इस तरह आरोपी ने साल 2022 में लगभग 28 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद उसने आरोपी को एक बार में पांच लाख ऑनलाइन भी कर दिया। अब आरोपी पर उसके 33 लाख और मुनाफे के लगभग 4.49 लाख रुपये मिलाकर कुल 37.49 लाख रुपये हो गए। इस पर 28 जुलाई 2024 की रात लगभग आठ बजे आरोपी सुहैल अपने साथी कुद्दूस, शोएब, आसिफ चौधरी, फैजान आदि उसके घर में जबरन घुस आए और तमंचे के बल पर मारपीट करते हुए उसे जान से मारने का प्रयास किया। इतना ही नहीं बचाव करने आए उसके पिता व भाई को भी आरोपियों ने जमकर पीटा। पीड़ित ने पुलिस से इसकी शिकायत की। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

अमरोहा में 10 बिजली चोर पकड़े गए

- कटिया डालकर घरों को कर रहे थे रोशन, एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा में बिजली विभाग ने बिजली चोरी चेकिंग अभियान के दौरान 10 लोगों को सीधे विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा है। सभी लोग कटिया कनेक्शन डालकर अपने घरों को रोशन कर रहे थे। एसडीओ ने सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। आपको बता दें कि मामला अमरोहा के मोहल्ला बेगम सराय, बसवानगंज और जय ओम नगर समेत आसपास के मोहल्ले का है। जहां शुक्रवार को बिजली विभाग ने बकाया बिल और बिजली चोरी के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें बड़े बकायदार 35 लोगों के कनेक्शन काटे गए। इस मौके पर टीम ने 10 ऐसे लोगों को पकड़ा, जो सीधे बिजली चोरी कर रहे थे। कटिया कनेक्शन डालकर अपने घरों को रोशन कर रहे थे। वहीं मामले में जानकारी देते हुए बिजली विभाग द्वितीय के एसडीओ जीडी प्रजापति ने बताया कि अमरोहा में 27 करोड़ का विद्युत बिल बकाया होने को लेकर आज चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 35 लोगों के बड़ा बिल बकाया होने पर उनके कनेक्शन काटे गए। इस दौरान टीम ने बिजली चोरी करते हुए 10 लोगों को पकड़ा। जो सीधे विद्युत चोरी कर रहे थे। सभी बिजली चोरों के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

भाजपाइयों ने राहुल का पुतला फूंकने का किया प्रयास

- पुलिस से हुई नोकझोंक, बोले- अमेरिका में सिखों के खिलाफ दिया गया बयान राष्ट्र-विरोधी

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, हापुड़ में भाजपा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर विदेशों में भारत की छवि खराब करने का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। साथ ही अमेरिका में सिखों के प्रति दिए गए बयान को राष्ट्र विरोधी बताया है। इसके विरोध में भाजपाइयों ने शुक्रवार को तहसील चौराहे पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का पुतला फूंकने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस और भाजपा कार्यकताओं के बीच नोकझोंक हुई। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश मंत्री महेश योगी ने कहा- अमेरिका में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारत में सिखों को पगड़ी पहनने, गुरुद्वारा जाने और कड़ा पहनने से रोकने वाले बयान की निंदा की। उन्होंने केंद्र सरकार से राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष पद वापस लेने की मांग की।

राहुल गांधी उल्टे सीधे बयान दे रहे है। जोकि समाज के लिए गलत है। महामंत्री मोहन सिंह ने कहा कि राहुल गांधी का आरक्षण को लेकर दिया गया बयान निंदनीय है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता राहुल गांधी का पुतला लेकर तहसील चौराहे पर पहुंचे।

जहां उन्होंने पुतले में आग लगाने का प्रयास किया तो पुलिस कर्मियों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। सुरक्षा को लेकर सीओ जितेंद्र शर्मा पुलिस बल के साथ मौजूद रहा।

पीआरवी की मौजूदगी में बीडीसी की पीट-पीटकर हत्या

सुल्तानपुर में कोर्ट से घर लौटते समय किया हमला, पुलिस पर पक्षपात का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर के मोतिगरपुर में क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) अवधेश सिंह की पीआरवी की मौजूदगी में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। कई थाने की फोर्स गांव में तैनात है। सीओ जयसिंहपुर व एसओ की भूमिका पर परिजन सवाल उठा रहे हैं। अवधेश सिंह की पत्नी ने आरोप लगाया है कि मेरी कोई सुनवाई नहीं हो रही। मोतिगरपुर के मुड़हा निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य अवधेश सिंह अपने भतीजे शानू सिंह (सेना के जवान) के साथ दीवानी न्यायालय से पेशी से बाइक से घर वापस लौट रहे थे। दोनों चाचा-भतीजे थाना क्षेत्र के गोपालपुर बड़ा गांव के पास स्थित भाजपा विधायक के पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे थे। इसी दौरान सात- आठ लोगों ने दोनों को रोककर लाठी-डंडों व सरिया से हमला बोल दिया। जिसमें अवधेश को काफी चोट आई। फौजी शानू मौके से जान बचाकर भागा। बीडीसी अवधेश को इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। गुरुवार की रात करीब दो बजे अवधेश की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। सीओ जयसिंहपुर प्रशांत सिंह बताया कि अवधेश सिंह के बड़े भाई रणधीर सिंह की तहरीर पर 6 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अर्जुन सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इसमें विपिन सिंह, रिशू सिंह, प्रिंस सिंह, रिषभ सिंह ऊर्फ लकी सिंह, अमन सिंह, अर्जुन सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। परिजन पुलिस की लापरवाही से हुई घटना को लेकर आक्रोशित हैं। आक्रोश को देखते हुए कादीपुर कोतवाली, दोस्तपुर, गोसाईंगंज और मोतिगरपुर थाने की पुलिस को गांव में तैनात किया गया है। शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। जयसिंहपुर सीओ प्रशांत सिंह ने बताया कि मुड़हा में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई थी। दोनों पक्ष आपस में पट्टीदार हैं। जिनके बीच पुरानी रंजिश है।

जिसमें दिसंबर 2023 में धारा 307 का मुकदमा कायम था। दोनों पक्षों को जेल भेजा गया था। घटना लाठी डंडों से हुई है। जिसमें दो युवक घायल हैं। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।

बच्चों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ, स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर में शासन के आदेश पर 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पंचायत डुमरियागंज के पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुमरियागंज द्वितीय में छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। ह्यूमन चेन की श्रृंखला में स्वच्छता के प्रति उपस्थित छात्र छात्राओं और अध्यापकगण को जागरुक किया गया। माध्यमिक विद्यालय डुमरियागंज द्वितीय के सभी अध्यापकगण के साथ स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें सभी अध्यापकगण को विद्यालय में नित्य रूप से स्वच्छता शपथ का आयोजन करने एवं छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन स्वच्छता के बारे में जानकारी देने हेतु अपील की गई। सैयद हसन ताकीब रिजवी ने बताया कि सरकार के मंशानुसार प्रशासन स्वच्छता अभियान को लेकर बेहद गंभीर है। ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी है कि नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में अपनी भागेदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए कहा कि कहीं से शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। इस दौरान प्रधानाध्यापक नसीम अहमद, समस्त अध्यापकगण, राजेश जयसवाल, अर्पित द्विवेदी, एजाज अहमद, रजनीश, शिवा, कन्हैया आदि मौजूद रहे।

राहुल गांधी को एसपीजी सुरक्षा देने की मांग

अमेठी में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया, बोले- जान से मारने की मिल रहीं धमकियां

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला , मुसाफिरखाना में कांग्रेसियों ने नेता विपक्ष राहुल गांधी को एसपीजी सुरक्षा प्रदान करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। कांग्रेस कार्यकताओं का कहना है कि राहुल गांधी की जान को खतरा है, इसलिए उन्हें तुरंत सुरक्षा दी जानी चाहिए। कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष राहुल ओझा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि भाजपा के पूर्व विधायक, शिवसेना के विधायक, केंद्र और राज्य सरकार के मंत्री तथा कट्टरपंथी संगठनों द्वारा राहुल गांधी को जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। कांग्रेसियों ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजी गांधी की हत्याएं अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र के तहत की गई थीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने गांधी परिवार को दी गई एसपीजी सुरक्षा को हटा लिया है, जिससे उनकी सुरक्षा में कमी आई है।

बिलासपुर कोतवाली में पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण

- महिला हेल्प डेस्क सहित दस्तावेजों की जांच, पुलिसकर्मियों को दिए सख्त निर्देश

अमन लेखनी समाचार

बिलासपुर, बिलासपुर म देर रात अचानक पुलिस अधीक्षक (एसपी) विद्यासागर मिश्र के कोतवाली पहुंचने से पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। इससे पहले भी, एसपी ने 4 सितंबर की रात कोतवाली का औचक निरीक्षण किया था, जिससे पुलिस विभाग में सतर्कता बढ़ी थी। एसपी मिश्र ने सबसे पहले थाना कार्यालय में जाकर अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, और ड्यूटी रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की। उन्होंने रजिस्टरों में की गई प्रविष्टियों और उनके रख-रखाव का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद, उन्होंने थाना परिसर में बने बैरंग, मालखाना, कम्प्यूटर रूम, भोजनालय, और आगंतुक कक्ष की साफ-सफाई का भी जायजा लिया। एसपी ने विशेष रूप से महिला हेल्प डेस्क की स्थिति को चेक किया और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव और अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। एसपी ने थाने में साफ-सफाई और व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही। एसपी विद्यासागर मिश्र ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि थाने में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए और निष्पक्षता से दोनों पक्षों की जांच कर त्वरित कार्रवाई की जाए।

संक्षेप

जालौन में बाढ़ से हालात बिगड़े

अमन लेखनी समाचार

जालौन, जालौन के कोंच नगर में लगातार मलंगा नाले के उफान से लोगों की जिंदगी प्रभावित हो गई है। मुंसिफ न्यायालय परिसर में पानी का स्तर बढ़ने से 3 फीट तक जलभराव हो गया। जिससे कोर्ट के चेंबर में भी पानी घुस गया। इसके चलते वादकारियों और अधिवक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जलभराव की जानकारी मिलते ही जिला जज अचल सचदेव ने कोंच में सिविल जज जूनियर डिवीजन का निरीक्षण किया। इस दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहित नरवाल को भी कोर्ट रूम के बाहर जमा हुए पानी से होकर गुजरना पड़ा। जिला जज ने अधिवक्ताओं और न्यायिक मजिस्ट्रेट से बातचीत कर जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। नगर पालिका ने पंप लगाकर पानी निकालने का काम शुरू कर दिया है। बीते दिनों मूसलाधार बारिश के कारण मलंगा नाला उफान पर आ गया। जिसके चलते कोंच नगर के चार मोहल्लों में पानी भर गया। सिविल जज जूनियर डिवीजन के कोर्ट परिसर में भी 3 फीट तक पानी भर गया। जिससे लोगों को पानी में चलकर कोर्ट रूम तक पहुंचना पड़ा। कोर्ट रूम के अंदर भी पानी भर जाने से वादकारी और अधिवक्ता परेशान हो गए। जैसे ही जिला जज को कोर्ट में जलभराव की जानकारी मिली, उन्होंने कोर्ट का दौरा किया। अधिवक्ताओं से मिलकर समस्या का समाधान करने का भरोसा दिलाया। न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहित नरवाल भी पानी में चलकर कोर्ट रूम से बाहर आए। जिसका वीडियो सामने आया है। जिला जज ने निर्देश दिए कि कोर्ट की सभी फाइलों को सुरक्षित स्थान पर रखा जाए, ताकि कोई नुकसान न हो। उन्होंने पानी निकासी के लिए जल्द से जल्द व्यवस्था करने के निर्देश दिए। नगर पालिका द्वारा पंप लगाकर पानी निकाला जा रहा है, लेकिन पानी वापस लौटकर कोर्ट में आ रहा है। जिससे समस्या बनी हुई है।

कोंच में मलंगा नाले से आई बाढ़

अमन लेखनी समाचार

जालौन, जालौन में मलंगा नाले में आई बाढ़ ने कोंच नगर के चार मोहल्लों में तबाही मचा दी है, जिससे सैकड़ों लोग प्रभावित हुए हैं और जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। गुरुवार देर रात जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने कमला नेहरू बालिका इंटर कॉलेज में बनाए गए राहत शिविर का निरीक्षण कर वहां चलने वाली कम्युनिटी किचन की भोजन गुणवत्ता और स्वच्छता की स्थिति को परखा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत शिविर में रह रहे लोगों को हर संभव सुविधा दी जाए और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। मलंगा नाले के बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित गांधी नगर क्षेत्र का दौरा करने के बाद जिलाधिकारी ने बाढ़ग्रस्त इलाकों में जलभराव की समस्या को गंभीरता से लिया। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया और सलाह दी कि जिन क्षेत्रों में जलभराव अधिक है, वहां के लोग राहत शिविर में शरण लें ताकि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या का सामना न करना पड़े।

अवैध स्वास्थ्य व्यवसाईयों के छुटे पसीने सीज और जांच के नाम से हुए भयभीत

डायग्नोस्टिक सेंटर व पैथोलॉजी के आड़ में हॉस्पिटलों का होता है संचालन

खबर चलने के बाद अवैध पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटरो व प्राइवेट हॉस्पिटलों के संचालकों में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पाली ब्लॉक, पिपरौली ब्लॉक, सहजनवा ब्लॉक, क्षेत्रो में, अवैध तरह से संचालित होने वाले डायग्नोस्टिक सेंटर के आड़ में प्राइवेट हॉस्पिटल सहजनवा तहसील रोड सहित अन्य जगहों पर धड़ल्ले से हो रहा है संचालित। वहीं सूत्रों के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार कुछ ऐसे भी पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक है जो स्वास्थ्य व्यापार को बढ़ाने के लिए 50% कमीशन का लालच देकर हॉस्पिटल के इर्द-गिर्द गिद्धों की तरह आए हुए मरीजों को अपने सेंटरों पर लाने के फिराक लगे रहते हैं जैसे कोई मरीज इनके चंगुल में फसता है। उसके बाद जांच के नाम पर अच्छा खासा उनका शोषण करते हैं। और अवैध स्वास्थ्य कारोबारी स्वास्थ्य विभाग के आंखों में सरेआम धूल झोंक कर पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 का खुला उल्लंघन भी करते हैं अगर देखा जाए सहजनवा तहसील क्षेत्र में कुल मिलाकर कुछ ही संख्या में कुछ संस्थाएं रजिस्टर्ड मिलेगी और बाकी जितना भी धड़ल्ले से संचालित हो रहा है। वह मानक विहीन है। बात करें अवैध अल्ट्रासाउंड पैथोलॉजी लैब की, और प्राइवेट अस्पतालों का तो हैरानी वाली बात यह है की इन्हें स्वास्थ्य विभाग के नियमों का उल्लंघन करने में जरा सा भी डर नहीं लगता आखिरकार किनके संरक्षण के द्वारा इनका हौसला इतना बुलंद है। की किसके सह पर फर्जी पैथोलॉजी, प्राइवेट अस्पताल, पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाने में सफल दिखाई देते हैं। वही इस संदर्भ में गोरखपुर के स्वास्थ्य विभाग के एडी हेल्थ ने बताया की इन अवैध स्वास्थ्य कारोबारी के खिलाफ गोरखपुर सीएमओ को कार्रवाई के लिए निर्देशित कर दिया गया है जल्द बड़ी कार्यवाही होगी।

निबन्धन कार्यालय पर रजिस्टार के संरक्षण में दलालो का जमावड़ा

बिना जांच पड़ताल के दलालो के कहने पर हो जाता है बैनामा

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील में स्थित निबन्धन कार्यालय पर आए दिन फर्जी तरीके से बैनामा कराने को लेकर हंगामा होता रहता सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रजिस्ट्री कार्यालय में दलाल पूरी तरह से सक्रिय रहते हैं वही कास्तकारों के बैनामे के बाद रजिस्टार साहब को भेट के तौर पर मोटी रकम दिलाई जाती है और बैनामे के समय दस्तावेज मे अगर कोई कमी होती है तो उसके एब्ज मे रजिस्टार साहब को दलाल पैसा देकर रजिस्ट्री करवा दिया जाता है वही जब कोई मामला सामने आता है तो दलाल मामले को मैनेज करने में जुट जाते है इस तरह का मामला रोजाना देखने को मिलता है, वही कुछ मामले तो इस तरह के आते हैं जो सरकार के राजस्व को भी चुना लगाने में रजिस्टार साहब नही चूकते है कही कही तो बैनामे की जगह मोटी रकम लेकर दानपात्र लिखवा दिया जाता है रजिस्टार साहब तो सरकार के पैसे से तनख्वाह भी लेते हैं और वही बैनामे के द्वारा सरकार को मिलने वाले राजस्व को भी डकारने मे लगे हैं वही कुछ लोगो का कहना है कि भ्ष्टाचार मे डुबे साहब तो अपनी अकूत संपत्ति बनाने में लगे हुए वही दलाल और साहब मिलकर कास्तकारों को लूटने मे लगे हुए हैं देखना है कि इस पूरे प्रकरण में क्या होता है यह तो जांच का बिषय है।

सरकारी अस्पताल में बलगम की जांच सुविधा ठप, मरीज हो रहे परेशान

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पीपीगंज स्थित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पानी की सप्लाई बाधित होने के कारण मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के चलते स्वास्थ्य केंद्र में बलगम की जांच नहीं हो पा रही है, जिससे बीमारियों की सही पहचान में देरी हो रही है और मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है।सरिता धानी महाराजगंज की रहने वाली एक मरीज पिछले दो महीने से बलगम के साथ खांसी और बुखार आने की समस्या से जूझ रही है।

जांच कराने के लिए पीपीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची लेकिन यहां पानी की कमी के कारण जांच नहीं हो सकी। सक्षम निवासी कोल्हुआ के अनुसार, अस्पताल में पहुंचने पर पता चला कि पानी न आने के कारण आज बलगम की जांच नहीं होगी।इस संबंध में दूरभाष पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैंपियरगंज के प्रभारी डॉ. विनोद वर्मा से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने इमरजेंसी ड्यूटी का हवाला देकर फोन काट दिया। वहीं पानी की कमी के कारण स्वास्थ्य केंद्र में जांच न होने से मरीजों व कर्मचारीयों को काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या के समाधान के लिए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। जिससे मरीजों को इधर-उधर भटकना न पड़े।

शराब पीने गए व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत

सीतापुर में पत्नी ने तीन साथियों पर लगाया पीटकर हत्या का आरोप, पुलिस बोली- शरीर पर चोट नहीं

अमन लेखनी समाचार

सीतापुर, सीतापुर में साथियों के साथ शराब पीने गये एक व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने गांव के ही तीन लोगों पीट पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पत्नी का आरोप है कि उसका पति बेसुध अवस्था में ट्यूबवेल पर बरामद हुआ था। अस्पताल ले जाने की तैयारी के दौरान ही व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आरोपों के तहत जांच पड़ताल की बात कह रही है। मामला महोली कोतवाली इलाके का है। यहां गुरुवार की दोपहर एक अधेड़ का संदिग्ध हालात में मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के मोहल्ला हरैया फतेहपुर निवासी भोजपाल (40) बुधवार की शाम घर से कारीपाकर बाजार गए थे। मृतक की पत्नी बिट्टू का आरोप है कि देर शाम काफी तलाश के बाद गांव के बाहर अमृत सरोवर के निकट गांव के ही सत्यपाल,हिटलर और जसकरण के साथ अत्यधिक शराब पिये हुए थे। पत्नी ने बताया कि घर चलने की बात कहने पर कल घर आने की बात कहकर परिवार वालों को घर भेज दिया। पत्नी का कहना है कि गुरुवार सुबह तक घर ना पहुंचने पर सभी लोग वापस भोजपाल को ढूंढने निकले तो गांव के ही छविनाथ के ट्यूबवेल पर बेसुध अवस्था में मिलें। पत्नी ने बताया कि उसके पति को काफी चोटें लगी थी वह खड़े होने की भी हिम्मत नही जुटा पा रहे थे। इस दौरान टेंपों बुलाकर परिजन भोजपाल को ले जाने की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पत्नी का आरोप है कि उसके साथ शराब पी रहे तीन साथियों में मारा पीटा है, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। प्रभारी निरीक्षक विनोद मिश्र का कहना है कि मृतक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिलें है तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जायेगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ हो सकेगी।

सीतापुर में थाने में लगी हिस्ट्रीशीटरों की पाठशाला

थानाध्यक्ष ने दिलाई अपराध न करने की शपथ, आचरण में सुधार लाने की नसीहत

अमन लेखनी समाचार

सीतापुर, सीतापुर पुलिस के लगातार ऑपरेशन लंगड़ा अभियान के बाद नवागत थानाध्यक्ष ने इलाके के हिस्ट्रीशीटरों की थाने पर पाठशाला का आयोजन किया। इस दौरान थानाध्यक्ष हनुमन्त तिवारी ने थाने पर पहुंचे हिस्ट्रीशीटरों को कानून का पाठ पढ़ाते हुए अपराध न करने की शपथ दिलाई। मामला थाना रेउसा इलाके का है। यहां भाजपा विधायक के विरोध के बाद हटे निवर्तमान थानाध्यक्ष घनश्याम राम के लाइन हाजिर होने के बाद नवागत थानाध्यक्ष हनुमन्त तिवारी ने चार्ज लिया था। नवागत थानाध्यक्ष ने थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर्स को थाने पर तलब कर उन्हें अपने आचरण में सुधार लाने और क्षेत्र में अपराध न करने की नसीहत दी। थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी ने हिस्ट्रीशीटरों से कहा कि हर पखवारे में नियत तिथि पर थाने में आकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं एवं पुलिस के क्षेत्र भ्रमण के दौरान चेक करने पर अपने घरों पर मिलें। पाठशाला के दौरान थानाध्यक्ष ने कहा कि समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना पुलिस को दें। जिससे उन पर प्रभावी नियंत्रण की कार्यवाही अमल में लाई जा सके। थानाध्यक्ष ने हिस्ट्रीशीटरों को चेतावनी दी कि यदि अपराधों एवं अपराधियों से उनकी संलिप्तता पायी गई तो ऐसे लोगों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। हिस्ट्रीशीटरों की पाठशाला के दौरान करीब आधा सैकड़ा हिस्ट्रीशीटर मौजूद रहे।

सीतापुर में अतिक्रमण का मलबा उठाने पहुंचे माफिया

स्थानीय लोगों के विरोध पर मशीन लेकर भागे, पीडब्ल्यूडी से परमीशन की कही बात

अमन लेखनी समाचार

सीतापुर, कोतवाली देहात इलाके में बीती रात अवैध मिट्टी खनन माफियाओं ने मलबे और मिट्टी को जबरन उठाने का प्रयास किया। यह घटना तब हुई जब स्थानीय लोगों ने उनके खिलाफ विरोध जताया, जिसके बाद माफिया मौके से भाग गए। नैपालापुर चौराहे से पुलिस लाइन जाने वाले मार्ग पर प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई में बड़ी मात्रा में मिट्टी और मलबा इकट् ?ठा हो गया। देर रात कुछ अज्ञात लोग पीडब्ल्यूडी विभाग की अनुमति से मलबा हटाने का दावा करते हुए जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर मौके पर पहुंचे। जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रॉली की आवाज सुनकर स्थानीय लोग सैकड़ों की संख्या में बाहर निकल आए और मलबा उठाने का कारण पूछा। जब माफियाओं ने कोई ठोस जवाब नहीं दिया तो लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद माफिया मशीनें लेकर रफूचक्कर हो गए। स्थानीय पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने मामले में शामिल लोगों की पहचान करने और उन्हें कार्रवाई के दायरे में

बुलंदशहर पुलिस ने दो शातिर महिला चोर को पकड़ा

बैंक में लोगों की जेब काटकर देती थी घटना को अंजाम, 40 हजार बरामद

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, बुलंदशहर में मध्य प्रदेश से आकर दो शातिर महिला चोर बैंकों के अंदर ही लोगों की जेब काट रहीं थीं। लगातार हो रही घटनाओं के बाद जनपद पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस ने इन्हें घेरने के लिए जाल बिछाया। करीब चार दिन तक चले गोपनीय मिशन के बाद पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया। दोनों को अब जेल भेजने की तैयारी है। दोनों के पास से करीब 40 हजार रुपए बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार महिला चोरों की पहचान कुन्ती पत्नी मजनू निवासी ग्राम गुलखेड़ी थाना बोडा राजगढ भोपाल मध्य प्रदेश और रिहाना पत्नी ईश्वर निवासी कड़िया थाना बोडा राजगढ भोपाल मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। गिरफ्तार महिला चोर अपनी अन्य महिलाओं साथियों के साथ मिलकर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के बैंकों में जाकर वहां रुपए जमा करने व निकालने वाले सीधे-साधे लोगों को निशाना बनाकर ब्लेड से उनकी जेब व थैले काटकर रुपए चोरी कर फरार हो जाती थी। गिरफ्तार महिला द्वारा अपनी अन्य साथियों के साथ 9 सितम्बर को थाना गुलावठी क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति इंडियन नेशनल बैंक में रुपए जमा करने जा रहे थे, तो रास्ते में उनका बैग काटकर रुपए चोरी करने की घटनाकारित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना गुलावठी पर मुकदमा भी दर्ज हुआ।

आरोपी महिला द्वारा अपनी अन्य साथियों के साथ मिलकर 6 जनवरी को थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत मौ रामवाडा स्थित ग्राहक सेवा केन्द्र से एक व्यक्ति का थैला काटकर रुपए चोरी करने की घटनाकारित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुकदमा दर्ज है।

महिला आरोपी द्वारा अपनी अन्य साथियों के साथ मिलकर 4 मार्च को थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत कबाडी बाजार स्थित स्टेट बैंक में एक व्यक्ति का थैला काटकर रुपए चोरी करने की घटना कारित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना खुर्जा नगर पर मुकदमा दर्ज है। एसपी सिटीएसपी सिटी शंकर प्रसाद ने बताया कि दोनों महिला शातिर किस्म की चोर हैं। दोनों ने जनपद में कई घटनाओं को अंजाम दिया है। दोनों को

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने किया दौरा

पूर्व सैनिकों से की बातचीत, एक देश एक चुनाव पर दिए विचार

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, बुलंदशहर में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत जनपद के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने एक होटल में पूर्व सैनिकों के साथ संवाद किया। त्रिवेंद्र रावत ने बताया कि सदस्यता अभियान के तहत पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों को भी निर्देश दिया गया है कि वे सैनिकों को इस अभियान में शामिल करें। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी का सदस्यता अभियान तेजी से चल रहा है, और हमें पूर्व सैनिकों की भी मदद की आवश्यकता है। एक देश, एक चुनाव पर त्रिवेंद्र रावत ने कहा कि यह पार्टी के एजेंडे में शामिल था और इसे बहुत अच्छा निर्णय बताया। उन्होंने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी की सिफारिशों को कैबिनेट ने मान लिया है। अब 2029 में पूरे देश में एक चुनाव होगा और इसके लिए संसदीय समिति बनाकर इसे लागू करने की कार्रवाई की जाएगी, उन्होंने कहा। अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे पर उन्होंने कहा कि यह उनके लिए एक अंत था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा था। उन्होंने मजबूरी में इस्तीफा दिया है और मुझे लगता है कि दिल्ली की जनता इसे समझेगी, रावत ने कहा। त्रिवेंद्र रावत ने अपने दौरे के दौरान पूर्व सैनिकों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ मुलाकात की और उनके मुद्दों पर चर्चा की।

सपा कार्यकर्ता गिरफ्तार

जिला अध्यक्ष ने पार्टी से निष्कासित किया, गलत पोस्ट करने पर कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, समाजवादी पार्टी के एक कार्यकर्ता को पुलिस ने सोशल मीडिया पर अन्य कार्यकताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पार्टी ने इस कार्रवाई के तहत आरोपी को पार्टी से निष्कासित भी कर दिया है। कोतवाली प्रभारी प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि आरोपी, फैजान कुरैशी ने सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करते हुए पोस्ट की थी। इस मामले में तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और तुरंत कार्रवाई शुरू की। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष मतलूब अली ने फैजान कुरैशी को पार्टी से निष्कासित करने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पार्टी में रहते हुए गलत गतिविधियों में लिप्त रहने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। पार्टी के अन्य कार्यकताओं ने बताया कि वे इस तरह की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी , ताकि पार्टी की गरिमा को बनाए रखा जा सके।

सीतापुर में सर्राफा व्यापारी का जेवरों से भरा बैग गायब

बाइक पर रखकर मंदिर गया था व्यापारी, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर, सीतापुर में दिनदहाड़े सर्राफा व्यापारी का बाइक पर रखा सोने-चांदी और नगदी से भरा बैग संदिग्ध हालत में गायब हो गया। वारदात के दौरान सर्राफा व्यापारी बाइक पर बैग रखकर दुकान के सामने मंदिर में माथा देखने गया था। इस दौरान अज्ञात चोरों ने बाइक पर रख बाइक पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित सर्राफा व्यापारी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने सूचना पर इलाके के सीसीटीवी की छानबीन शुरू कर दी है। मामला हरगांव थाना इलाके का है। यहां क्षेत्र के मोहल्ला टाडा सलारपुर निवासी सर्राफा व्यापारी प्रदीप रस्तोगी की हरगांव के उदनापुर में सोने चांदी की दुकान है। बताया जाता है कि रोजाना कि सर्राफा व्यापारी अपने बैग में सोने चांदी के जेवरात और नगदी लेकर बाइक से अपनी दुकान आ रहे थे। सर्राफा व्यापारी का कहना है कि वह दुकान के सामने शिव मंदिर में दर्शन करने के लिए बाइक पर ही बैग रखकर चले गए। वापस आने पर बैक गायब मिला। पीड़ित व्यापारी का कहना है कि बैग में 232 ग्राम सोना, 3.5 किलो चांदी और करीब 8500 रुपए की नकदी थी। जिसे अज्ञात लोग मौके से लेकर फरार हो गए। व्यापारी ने पूरे मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सूचना के बाद मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

मौदहा में कोर्ट के आदेशों को ताक में रखकर बिक रहा अवैध गुटखा

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। जनपद के मौदहा में गुटखा माफिया योगी सरकार में इतने बेखौफ हो गए है कि सुप्रीम कोर्ट और मुख्य मंत्री के आदेश का उलंघन करते हुए खुलेआम सुगंधित सुपारी के नाम पर तंबाकू मिश्रित गुटखा, पान मसाला बेच कर संगीन अपराध को अंजाम दे रहे हैं। इस गैर कानूनी काम करने में सरकारी और सफेद पोश लोगों का खुलेआम सहयोग मिल रहा है। जिससे सरकार के नियमों की धज्जियां तो उड़ ही रही हैं और जनमानस को रोगी बनाया जा रहा है। जिससे अब हर एक मौहल्ले में कोई न कोई कैंसर रोगी मिल जाते हैं। फिर भी प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी अपने निजी स्वार्थ के लिए गुटखा माफियाओ पर कोई कार्रवाई नही कर रहे हैं।

जनपद के मौदहा में किस्मत, नशा, उधार आदि जैसे अनगिनत अवैध गुटखे का अवैध कारोबार अपनी चरम सीमा पर हैं। जिसके पैकेट पर सुगंधित सुपारी लिखी होती है लेकिन अंदर मिश्रित तम्बाकू गुटखा होता है। जिसमें निम्न क्वालिटी की सुपारी और तम्बाकू होती हैं। जिससे कैंसर जैसी घातक बिमारी जनमानस में फैल रही है। इन गुटखे के पैकेट भी पालिथीन के बने होते हैं जबकि पान मसाला के पैकेट सरकारी नियम अनुसार कागज के होने चाहिए। इन गुटखा के पैकेटों को खा कर नासमझ जानवरो की भी मौत हो जाती हैं। इस अवैध कारोबार से प्रति माह करोड़ो रुपए का राजस्व की हानि होती हैं और काले धन की भी बढ़ोतरी होती है फिर भी कोई प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इस अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है क्योंकि उनको हर माह उनका हिस्सा बिना मेहनत के उपलब्ध हो जाता है।

भेटुआ ब्लाक के ग्रामीण इलाकों में डेंगू ने दी दस्तक: गांवों की नालियों में दर्गध

अलग-अलग गांवों में 4 मरीज मिले पॉजिटिव, स्वाथ्य विभाग ने लगाया कैंप

अमन लेखनी समाचार



अमेठी में लगातार मौसम में बदलाव के बाद स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि देखने को मिल रही है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिनमें अधिकांश लोग बुखार और खांसी की शिकायत लेकर आ रहे हैं। डॉक्टर रोजाना करीब 200 मरीजों का इलाज कर रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य विभाग पर दबाव बढ़ गया है।

भेटुआ इलाके में डेंगू के चार नए मरीज मिलने से हड़कंप मच गया है। ये मरीज शिवगंज, पिंडोरिया, कोरारी हीरशाह, और घटकौर गांवों में पाए गए हैं। डेंगू की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर जांच शुरू की। जांच के दौरान कई घरों में लार्वा पाया गया, जिसके बाद लार्वा का छिड़काव किया गया और घरों में जमा पानी को निकलवाया गया।

नौगिरवा सीएचसी प्रभारी डॉ. अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि लोगों के घरों में 10-15 दिन पुराना पानी हटवा दिया गया है, और डेंगू पॉजिटिव मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

गंदगी से बजबजा रहीं नालियां, डॉ अभिमन्यु वर्मा

डॉ अभिमन्यु वर्मा ने बताया गांवों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। नालियों में गंदगी जमा होने से मच्छरों की संख्या बढ़ रही है, जिससे लोग बीमार पड़ रहे हैं। कीटाणु जनित बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। जहां एक ओर सरकार स्वच्छता अभियान चला रही है, वहीं सफाईकर्मी अपने कार्यक्षेत्र में नहीं पहुंच रहे हैं।सफाईकर्मी अक्सर ब्लॉक कार्यालयों में ही ड्यूटी कर रहे हैं, जिससे गांवों में सफाई व्यवस्था और बिगड़ गई है।शुक्लन का पुरवा निवासी अंकित शुक्ला ने बताया के ग्राम पंचायत कुडवा (पूरे शुक्लन) जमादार का पुरवा, फतुवापुर आदि गांवों में सफाई कर्मी आज विगत कई वर्षों से दिखे ही नहीं नाली बजबजा रही है कुडवा गाव के सफाई कर्मी कहा नियुक्त हैं कुछ पता नहीं। सब राम भरोसे हैं

निजी बैंकिंग कंपनी के एटीएम से लाखों की चोरी

गत 19 सितंबर को दिनदहाड़े हुई वारदात सीसीटीवी में हुई कैद

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के बस स्टॉप में दिनदहाड़े निजी बैंकिंग कंपनी के एटीएम से रुपए निकालने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने बैंकिंग की फ्रेंचाइजी लेने वाले की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू की है। कस्बे में इस तरह की यह पहली घटना है। यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। कस्बे के बस स्टॉप में निजी बैंकिंग कंपनी हिटैची कंपनी का एटीएम संचालित है। इस कंपनी की फ्रेंचाइजी कस्बे के निवासी नीरज गुप्ता के पास है। गत 19 सितंबर को दो युवक एटीएम में दाखिल होते हैं। एक युवक अंदर जाता है और दूसरा बाहर खड़ा रहता है। अंदर गया युवक किसी चीज से एटीएम का बाक्स खोलता है और उसमें रखे रुपए निकालकर जेब में रखता है और बाहर हो जाता है। यह पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो जाता है। घटना 19 सितंबर की बताई जाती है। रविवार को उसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होता है। वायरल वीडियो की पुष्टि हम नहीं करते हैं। वीडियो वायरल होने के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने फ्रेंचाइजी लेने वाले युवक की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू की है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार के मुताबिक एटीएम से रुपए निकालने के पूर्व चोर ने एटीएम को गड़बड़ किया है और बाक्स में रुपए एकत्र होने के बाद बाक्स को किसी यंत्र के माध्यम से खोलकर रुपए निकाले हैं। फ्रेंचाइजी लेने वाले युवक ने फिलहाल करीब एक लाख रुपए निकाल लिए जाने की तहरीर दी है। उसी के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। गहनता के साथ पड़ताल कराई जा रही है। जांच में कैश मिलान निकासी आदि का ब्योरा एकत्र करके सही धनराशि चोरी होने का आंकलन कराया जा रहा है। जांच के बाद स्पष्ट होगा कि कितनी धनराशि चोरी हुई है। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए दोनों युवकों की भी शिनाख्त के प्रयास कराए जा रहे हैं। इस तरह की घटना कस्बे में पहली मर्तबा हुई है। यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

पॉक्सो एक्ट के अभियोग में युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 हरिमिलन सिंह थाना गौरीगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन व तलाश वांछित के दौरान मुखबिर से सूचना पर धारा बीएनएस व पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त मो0 समीर पुत्र मो0 रईस निवासी लाला की बाजार थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली को जिला अस्पताल गौरीगंज के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

न्यायालय पैरों कारों के साथ एएसपी ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार

अमेठी एएसपी हरेन्द्र कुमार व ज्वाइंट डायरेक्टर अभियोजन विजय शंकर द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार में थानों व कार्यालयों में तैनात न्यायालय पैरोकारों, न्यायिक सम्मन सेल प्रभारी व मॉनीटरिंग सेल के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ गोष्ठी की गयी। जिसमें उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को जनपद में घटित गम्भीर किस्म के अपराधों हत्या, डकैती, लूट, बलात्कार, गैंगेस्टर, पॉक्सो एक्ट आदि को चिन्हित कर उनकी न्यायालय में प्रभावी ढंग से पैरवी करने तथा अपराधियों को कठोर सजा दिलाने के लिये प्रयास किये जाने के निर्देश दिए गए। सभी पैरोकार व प्रभारी सम्मन सेल को अभियोगों से संबंधित गवाहों के सम्मन समय से निर्गत कर न्यायालय में उनकी उपस्थित सुनिश्चत करने हेतु निर्देशित किया गया

अन्तर्राष्ट्रीय बेटी दिवस पर आयोजित हुआ बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जिला महिला चिकित्सालय में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा के निदेर्शानुसार अन्तर्राष्ट्रीय बेटी दिवस पर भारत सरकार द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत बेटी जन्मोत्सव के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बेटियों को उपहार स्वरूप बेबीकिट, कपडे व मिष्ठान का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मौजूद नगर पालिका परिषद अध्यक्ष कुलदीप निषाद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. गीतम सिंह, अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय डा. मंजुला गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार ने उपस्थित बेटियों को उपहार स्वरूप बेबीकिट कपडे व मिष्ठान देते हुये उनके उज्जवल भविष्य व स्वस्थ रहने की कामना की। उक्त कार्यक्रम में नवजात बेटियों के माता-पिता सुनैना पत्नी ईश्वर प्रसाद, पूजा पत्नी अजय, विमल पत्नी अनिल, अर्चना पत्नी रावेश, दीपमाला पत्नी रामेन्द्र, सुमन पत्नी पिन्टू, निधि पत्नी सुनील, आराधना पत्नी अरविन्द, काजल पत्नी रमेश, रूपा पत्नी सुशील अपनी जन्मी नवजात बेटियों के साथ उपस्थित रहीं। इन सभी को अतिथियों ने उपहार स्वरूप बेबीकिट, कपडे, मिष्ठान वितरित किये। इस कार्यक्रम में जिला महिला चिकित्सालय के डॉक्टर व कर्मचारीगणों सहित जिला प्रोबेशन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

महिला ने देवर पर लगाया छेड़छाड़ करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर।घर में सो रही महिला के साथ देवर ने छेड़छाड़ की और महिला द्वारा मना करने पर सास ससुर ने भी उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि रात में जब वह अपने घर में सो रही थी तभी उसके कमरे में सूरज पुत्र लल्लू प्रसाद आ गया और छेड़छाड़ करने लगा।महिला ने बताया कि जब उसने छेड़छाड़ का विरोध किया तो उसकी सास और ससुर ने भी उसका पक्ष लेकर मारपीट की और रात में ही घर से निर्वस्त्र निकाल दिया तब उसने अपनी बहिन के घर जाकर कपड़े पहने।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मालिक से बदला लेने के लिए नौकर ने रची साजिश

लूट का साजिशकर्ता और उसका साथी गिरफ्तार, तीन लुटेरों सलाखों के पीछे

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में चार दिन पहले दुकान बंद कर घर जा रहे व्यापारी से हुई लूट की कोशिश के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार एक आरोपी ने ही अपने मालिक से बदला लेने के लिए लूट की साजिश रची थी। व्यापारी से हुई लूट की कोशिश के मामले में तीन अभियुक्त पहले ही जेल जा चुके है।दरअसल ये पूरा मामला रामगंज कोतवाली क्षेत्र के रामगंज कस्बे का है। जहां किराना के थोक व्यवासाई खेमचंद अग्रहरि के साथ बुधवार की देर शाम बाइक सवार लुटेरों ने लूट की कोशिश की थी। मौके पर भाग रहे एक लुटेरे को व्यापारियों ने पकड़ लिया। पिटाई के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। मौके से लुटेरे के पास एक पिस्टल भी बरामद हुई। सरे बाजार हुई लूट के बाद एक्टिव हुई पुलिस ने घटना के कुछ घंटे बाद ही घटना में शामिल दो अन्य लुटेरों को भी पटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए तीनों लुटेरों से जब पूछताछ की गई तो लुटेरों ने सनसनी के खुलासा करते हुए अन्य आरोपियों के नाम बताए।

दोनों आरोपियों को भेजा गया जेल

जिसमें सचिन अग्रहरि पुत्र चंद्र प्रकाश अग्रहरि और आर्यन शर्मा पुत्र श्यामलाल शर्मा शामिल थे। लुटेरों के मुताबिक सचिन शर्मा कुछ समय पहले इस किराना व्यापारी के यहां काम करता था। जहां से उसे निकाल दिया गया था। दुकान से निकाले जाने से नाराज सचिन ने ही अपने मालिक से बदला लेने के लिए लूट की साजिश रची थी। घटना के बाद पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। आज दोपहर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। घटना में शामिल दोनों अभियुक्त छीड़ा बार्डर के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई में जुट गई है।

खेत की रखवाली करने गये बुजुर्ग किसान को जहरीले सांप ने काटा

● अस्पताल ले जाते समय मौत परिजनों में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

अमेठी कुशीताली गांव में खेत में काम कर रहे 65 वर्षीय बुजुर्ग जगदीश प्रसाद पांडेय को जहरीले कोबरा सांप ने काट लिया। सांप के डसने के बाद उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना आज शाम करीब साढ़े चार बजे की है। खेत में मौजूद किसानों ने जगदीश प्रसाद को बेहोश हालत में देखा और तुरंत परिजनों को सूचित किया सूचना पर पहुंचे परिजनो ने आनन-फानन में निजी साधन से उन्हें जिला अस्पताल ले गए, लेकिन वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने बताया कि उनकी मौत हो गई थी। डॉक्टर के अनुसार, सांप के डसने से शरीर में जहर तेजी से फैल गया था, जिससे उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

29वें दीक्षान्त समारोह में अक्षिता शुक्ला को मिला कुलाधिपति स्वर्ण पदक

पूर्व में भी संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सम्मानित हो चुकी हैं अक्षिता

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर(ब्यूरो)। सुलतानपुर निवासिनी और डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या में मास्टर ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स (टढअ) की छात्रा अक्षिता शुक्ला को अपने विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में हुए 29वें दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल के द्वारा कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, कैबिनेट मंत्री उच्च शिक्षा योगेंद्र उपाध्याय, राज्य मंत्री रजनी तिवारी के साथ-साथ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रतिभा गोयल, अन्य शिक्षकगण एवं गणमान्य अधिकारीगण मौजूद रहे। बता दें कि इस विषय में कुल 4 सेमेस्टर थे, जिनको मिलाकर अक्षिता ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किया है। अक्षिता ने इसका श्रेय अपने माता-पिता, विश्वविद्यालय के गुरुजन एवं परिवारजनों को दिया है। अक्षिता की शिक्षा स्टेला मॉरिस कान्वेन्ट स्कूल सुलतानपुर से हुई। जिसके पश्चात उन्होंने डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से स्नातक और स्नातकोत्तर पूर्ण किया

अक्षिता को केंद्र सरकार से मिला है दो लाख 40 हजार का पुरस्कार

ज्ञात हो कि हाल ही में जून 2024 में अक्षिता शुक्ला ने संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली भारत सरकार में अपने प्रस्तुति दी थी। जिसमें उन्हें केन्द्रीय संस्कृति मंत्री द्वारा 2,40,000/- (दो लाख चालीस हजार रुपये) की धनराशि एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया था।

पूर्व में देश- प्रदेश के विभिन्न सांस्कृतिक मंच एवं महोत्सव पर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर सम्मानित हुई हैं एवं उइरए विद्यालयों की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका में रहीं हैं। समय समय पर जनपद के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा सम्मान किया जा चुका है।

पत्रकार की दादी मां का आसामियक निधन, जताया शोक

अमन लेखनी समाचार

अमेठी पत्रकार आदित्य मिश्र की मां केवला मिश्र का 90 साल की अवस्था मे आसामियक निधन हो गया। पत्रकारो ने शोक जताया। तथा श्रद्धाञ्जलि दी। श्रद्धाञ्जलि देने वालो में संपादक सन्तोष श्रीवास्तव ,संपादक अर्जुन शुक्ल सागर, संपादक वीपी सिंह संपादक धवन मिश्र ब्यूरो चीफ अखिलेश नारायण मिश्र,ब्यूरो चीफ अखिलेश कुमार तिवारी,ब्यूरो चीफ माता प्रसाद मिश्र,ब्यूरो चीफ कौशल किशोर मिश्र,ब्यूरो चीफ सूर्य भान दूबे,ब्यूरो चीफ अमरीष मिश्र,पत्रकार महेंद्र बरनवाल,पत्रकार मधुसूदन मिश्र पत्रकार अमित मिश्र,पत्रकार चन्दन दूबे,पत्रकार आशीष सिंह,पत्रकार अंजनी कुमार मिश्र आदि पत्रकारों स्वर्गीय मां के चरणो मे श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धाञ्जलि दी। और पत्रकारो ने शोक जताया।

मदरसा आया छात्र रहस्यमई तरीके से हुआ गायब

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। जिला मुख्यालय से कस्बे में दीनी तालीम हासिल करने आवासीय मदरसे में आया छात्र लापता हो गया छात्र के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। हमीरपुर के मोहल्ला खालेपुरा निवासी अहमद खां का तेरह वर्षीय पुत्र सुहेल खां कस्बे के मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी में रहकर दीनी तालीम हासिल कर रहा था।लेकिन शनिवार को वह हमीरपुर से मदरसा आया और अपना बैग रखने और नमाज अदा करने के बाद दोपहर में रहस्यमय तरीके से गायब हो गया।गायब छात्र के भाई उवैस खान ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है वहीं मदरसे के प्रधानाचार्य नसीम आलम ने बताया कि बच्चा 1.49 बजे मदरसे से निकलता हुआ सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दे रहा है और फिर बच्चा इतना छोटा भी नहीं है कि खो गया हो।

बिजली के पोल पर अचानक हुई स्पार्किंग

● सैकड़ों घर की बिजली सप्लाई ठप, फाल्ट ठीक करने में जुटे कर्मचारी

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में देर शाम बिजली के पोल पर अचानक हुई स्पार्किंग से केबिल में आग लग गई। तेज धुंए के साथ पटाखों की तरह तेज आवाज आने लगी। आवाज इतनी तेज थी कि लोग अपने घरों में घुस गए और बिजली विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बिजली विभाग की टीम फाल्ट को सही करने में जुटी हुई है।अमेठी कोतवाली क्षेत्र के रामनगर गांव स्थित बारी का पुरवा का है। जहां आज शाम करीब पांच बजे गांव के बीच में लगे विद्युत पोल की केबिल में स्पार्किंग की वजह से पटाखे फूटने लगे। तेज आवाज सुन आसपास के ग्रामीण सहम गए। किसी अनहोनी के डर से घरों में घुस गए।केबिल स्पार्किंग के बाद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी विद्युत विभाग को दी। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पूरे इलाके की बिजली को काटकर फाल्ट को ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर मौजूद विद्युत कर्मी के मुताबिक स्पार्किंग वाले तार को उतार लिया गया है। जल्द ही तार को बदलकर विद्युत व्यवस्था चालू कर दी जाएगी।

शिवरतनगंज पुलिस द्वारा दो युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 मदन कुमार सिंह थाना शिवरतनगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 बीएनएस थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त पंकज पुत्र राम अवध यादव उम्र कुशमेश पुत्र रामअवध उम्र निवासीगण ग्राम टेढ़ई थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी को लढ़ा बाग तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया अभियुक्तों से मोटरसाइकिल स्प्लेंडर के कागजात मांगने पर दिखा न सके गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है

श्री रामलीला दशहरा महोत्सवःनौ तोरण द्वारों से होगा मेलार्थियों का स्वागत

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के बिंदकी नगर में प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले भव्य दशहरा महोत्सव की तैयारी को लेकर श्री रामलीला दशहरा महोत्सव कमेटी की एक बैठक मल्होत्रा भवन में संपन्न हुई जिसमें मेले को वृहद स्वरूप दिए जाने और शोभायात्रा के साथ ही विविध कार्यक्रमों का कुशलता पूर्वक संचालन करने के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस आशय की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी उत्कर्ष गुप्ता ने बताया कि नौ तोरण द्वारों से होगा आगंतुकों का स्वागत होगा। अयोध्या के राम मंदिर की थीम पर संकट मोचन मंदिर की सजावट की जाएगी। रावण दहन रिमोट से संचालित होगा। मेले की सुरक्षा व्यवस्था प्रकाश व्यवस्था आदि के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे । ज्ञात हो कि मेले में जनप्रतिनिधि और जिले के डीएम और एसपी सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित होते हैं और लाखों की भीड़ पांच दिवसीय दशहरा महोत्सव का आनंद लेती है। जिसमें वृंदावन की रासलीला का अलग ही महत्व है। आज की बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष शिवम् सिंह परिहार, संरक्षक अनिल चार्ली, रामकुमार साहू, अशोक गुप्ता, सुनील बाबा, गोविंद बाबू टाटा, पुरुषोत्तम ओमर, मुन्ना लाल सोनकर, भूपेंद्र उमराव, दीनानाथ, शिवम् अवस्थी, चंद्र प्रकाश चंदू, मोना ओमर, दिनेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

बदल रहा है घुमक्कड़ी का अंदाज

घुमक्कड़ी केवल एक मानवीय शौक नहीं, देश-दुनिया को समझने और संस्कृति-परंपराओं को करीब से जानने का एक जरिया भी है। हाल के वर्षों में जैसे जीवन के तमाम पक्षों में बड़े बदलाव हुए हैं, ट्रैवलिंग के तरीके और ट्रैवलर्स की रुचियां भी बहुत बदल गई हैं। घुमक्कड़ी का हर शौकीन इनके बारे में जरूर जानना चाहेगा।

कवर स्टोरी / समीर चौधरी

हर साल विश्व पर्यटन दिवस 27 सितंबर को मनाया जाता है, जिसके लिए यूएनडब्लूटीओ की जनरल असेंबली एक थीम और एक मेजबान देश का चयन करती है। इस वर्ष 2024 के लिए थीम है-पर्यटन और शांति। इस बार का मेजबान देश जॉर्जिया है। अगले वर्ष 2025 में विश्व पर्यटन दिवस की मेजबानी मलेशिया करेगा और थीम होगी 'टूरिज्म एंड सस्टेनेबल ट्रांसफॉर्मेशन।'

इस साल की थीम है खास

आज जब संसार के अनेक स्थलों पर जंग जारी है, विशेषकर रूस, यूक्रेन और मध्यपूर्व के देशों में तो ऐसे में पर्यटन को शांति से जोड़ने का विचार अच्छा माना जा सकता है। गौरतलब है कि 2023 में सऊदी अरब की मेजबानी के दौरान जब थीम 'टूरिज्म एंड ग्रीन इन्वेस्टमेंट्स' था तो यूएनडब्लूटीओ ने 'टूरिज्म ओपेंस माइंड' (पर्यटन दिमाग के पट खोल देता है) नारा अपनाया था। विश्व शांति को लेकर पर्यटन ने दिमाग के कितने पट खोले हैं, इस बारे में तो कहना बहुत मुश्किल है, लेकिन यह निश्चित है कि पर्यटन में कुछ नए ट्रेंड्स विकसित हुए हैं।

न्यू टूरिज्म का बढ़ता ट्रेंड

खुशी की बात है कि कोविड-19 महामारी के दो-तीन वर्ष बाद बाद पर्यटन अपनी पहली जैसी स्थिति में लौट आया है और विश्व अर्थव्यवस्था के प्रमुख स्तंभों में से एक हो गया है। अब पर्यटन केवल ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण, तफरीह या बिजनेस ट्रिप्स तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें जो नए ट्रेंड्स आए हैं, उनमें स्लो ट्रैवल, सस्टेनेबल ट्रैवल, स्प्रिचुअल रिट्रीट्स और वेलबीइंग जैसी यात्राओं के अतिरिक्त नए लोगों से मिलना, उनकी संस्कृति को समझना और उनके परंपरागत व्यंजनों का आनंद लेना भी शामिल हो गया है।

बदल रहा देशी पर्यटकों का मिजाज

भारत के घरेलू पर्यटन में तो अब यह ट्रेंड भी है कि मांएं केवल अपने बच्चों के साथ ही यात्राएं नहीं कर रही हैं बल्कि वह स्पेशल क्यूरेटिड टूर के विकल्प चुन रही हैं ताकि अपने बच्चों और साथी मांओं के साथ बॉन्डिंग बेहतर करने में मदद मिले और यात्रा लक्ष्यों की पूर्ति भी हो सके। मसलन, दिन में एडवेंचर हाइक्स, मछली पकड़ना और अंगामी नागा कबीले की संस्कृति में रंग जाना और रातों को ठिठुरती ठंड में आग के सामने बैठकर आसमान के तारे गिनना। घुमक्कड़ी पसंद करने वाली छह मांओं और उनके बच्चों की यही दिनचर्या थी, जब वे जखामा के धान के खेतों के पास कैंपिंग कर रहे थे। जखामा, नागालैंड राज्य में एक प्यारा सा गांव है। ये मांएं और उनके बच्चे देश के अलग-अलग हिस्सों से यहां आए थे और यह खोनोमा में स्थानीय नागा परिवारों के साथ भी रहे। खोनोमा एशिया का पहला ग्रीन गांव है। इन सबने छोटे से गांव दज़ुलेके की भी यात्रा की, जहां सिर्फ 35 घर हैं। ठीक उसी दौरान यहां से लगभग 3,700 किमी दूर दक्षिण भारत में कुछ टूरिस्ट मांएं अपने बच्चों के साथ तमिलनाडु में कोडइकैनाल का आनंद ले रहे थे। प्राकृतिक झरनों, प्राचीन गुफाओं, शानदार गिरजाघरों को देखने के बाद अपनी यात्रा के तीसरे दिन इन सबने रोलिंग हिल्स और धुंध भरे जंगल का नजारा करते हुए ओपन-एयर कैफे में लंच का आनंद लिया। गार्डेन में पिकनिक मैट्स बिछा दिए गए थे, जिन पर बच्चों ने जेंगा और दूसरे कई खेल खेले।

घूमने के अलावा होते हैं कई उद्देश्य

मैंने इस बार कश्मीर की यात्रा वहां की नैसर्गिक सुंदरता के साथ ही खान-पान की संस्कृति को और करीब से जानने-समझने के उद्देश्य से की थी। आयशा के बाग मंजुक की सैर पर भी गया था। यह स्थान श्रीनगर से एक घंटे की ड्राइव पर पुलवामा में स्थित है। मंजुक का अर्थ होता है-बागीचे में। कश्मीरी व्यंजनों की खासियत होती है कि इसमें कम से कम मसाले और सामग्री डाली जाती है, लेकिन इनका स्वाद गजब का होता है। कहने का अर्थ है कि पर्यटन का एक बदलता रुझान अब अनुभवात्मक यात्रा भी होता जा रहा है। अब अधिकतर पर्यटक उन गतिविधियों की तलाश करते हैं, जिनसे स्थानीय संस्कृतियों, व्यंजनों और परंपराओं को करीब से जान सकें। या कहें पर्यटक, पर्यटन आकर्षणों से अलग हटकर अधिक वास्तविक और नए अनुभवों की तलाश कर रहे हैं। *

जॉर्जिया स्थित कॉकेशस पहाड़ियों का मनोरम दृश्य

तमिलनाडु स्थित कोडईकैनाल में बोटिंग करते टूरिस्ट्स

नागालैंड में दूर-दूर तक फैली मोहक हरियाली

कश्मीर स्थित डल झील के किनारे शिकारा बोट्स

जॉर्जिया है परफेक्ट टूरिस्ट डेस्टिनेशन

इस साल के विश्व पर्यटन दिवस की मेजबानी करने वाला जॉर्जिया देश भी पर्यटकों को एक ऐसा अनुभव प्रदान करता है, जो लीक से हटकर है। कॉकेशस पहाड़ों और ब्लैक सी के बीच में स्थित जॉर्जिया एक ऐसा छुपा हुआ खूबसूरत देश है, जिसका इतिहास, विविध संस्कृति और सुंदर लैंडस्केप पर्यटकों को अचरज से भर देते हैं। जॉर्जिया पर्यटकों को विशिष्ट अनुभव प्रदान कराता है। आपकी दिलचस्पी चाहे इतिहास में हो या आप प्रकृति प्रेमी हों या आप टेस्टी फूड्स के दीवाने हों, जॉर्जिया में हर पर्यटक के लिए कुछ ना कुछ अवश्य है। यहां स्थानीय लोग मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। कहने की जरूरत नहीं कि जब लोग एक-दूसरे की संस्कृति, इतिहास, परंपरा और खान-पान के तरीके को समझने के लिए यात्रा पर निकलते हैं, तो इससे भी शांति स्थापित करने के प्रयासों को बल मिलता है, जो इस साल की थीम है। वैसे भी लोग उसी मुल्क में पर्यटन पर जाना पसंद करते हैं, जिसमें शांति और सुरक्षा हो। इस लिहाज से जॉर्जिया पर्यटकों के लिए शानदार और सुरक्षित जगह है।

सबसे प्यारी-सबसे दुलारी मम्मी-पापा की परियां

हर बेटी अपने मां-बाप की परी, उनका गर्व होती है। बेटियों से ही हमारा घर-आंगन गुलजार होता है। इस बात को दुनिया के हर देश, समाज और दुनिया ने माना है। इसी मधुर रिश्ते और स्नेहिल भाव को सम्मान देने के लिए ही हर वर्ष आज के दिन बेटी दिवस मनाते हैं।

बॉन्डिंग / वीना गौतम

मदर्स-डे, फादर्स-डे की तरह दुनिया में जो एक और दिन बहुत तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, वह है डॉटर्स-डे। हालांकि प्राचीन काल में लड़के और लड़कियों के बीच किसी तरह का कोई भेद नहीं दिखता था। भारत में अतीत में लड़कियों का भी वही महत्व था, जो लड़कों का हुआ करता था। लेकिन कालांतर में युद्ध और हमले जैसी कुछ ऐसी परिस्थितियां बनीं कि अकेले भारत ही नहीं पूरी दुनिया के समाज में लड़कियों से ज्यादा लड़के महत्वपूर्ण हो गए। इक्कीसवीं सदी में भी जब यह सोच बदलती नहीं दिखी तो वैश्विक स्तर पर इसमें बदलाव की पहल के प्रयास किए जाने लगे।

ऐसे हुई डॉटर्स-डे की शुरुआत

11 अक्टूबर 2012 को संयुक्त राष्ट्र संघ ने पूरी दुनिया में लड़के और लड़कियों के बीच बन रही गहरी खाई को पाटने के लिए एक दिन बेटियों को समर्पित करने का निर्णय लिया। संयुक्त राष्ट्र की इस पहल का स्वागत पूरी दुनिया में हुआ। दुनिया भर के देशों ने अपने यहां इस दिन को अलग-अलग तारीखों में मनाने का निर्णय किया। भारत में सितंबर के चौथे रविवार को राष्ट्रीय बेटी दिवस मनाए जाने का फैसला हुआ। तब से हर गुजरते साल के साथ डॉटर्स-डे भारत में पहले के मुकाबले ज्यादा उत्साह से मनाया जा रहा है।

दुनिया ने समझी बेटियों की महत्ता

मध्ययुग के दौर में जब ज्यादातर समय, दुनिया में युद्ध ही युद्ध होते रहते थे, पूरी दुनिया में पितृसत्ता प्रसारित हो रही थी, क्योंकि जंग के इर्द-गिर्द घूमती दुनिया में लड़ने वाले पुरुष ही ज्यादा महत्वपूर्ण थे। लेकिन 19वीं और 20वीं सदी में जब पारंपरिक जंग की जगह खतरनाक हथियारों ने ली तो जंग इंसानी पौरुष की तरह हथियारों की ताकत पर जीती और हारी जाने लगी, तब दुनिया को ख्याल आया कि बेटियों और बेटों के बीच किसी भी किस्म का भेदभाव बेईमानी है और उसी क्रम में धीरे-धीरे पितृसत्ता कमजोर हुई। आज शायद ही कोई ऐसा देश हो, जो गर्व से घोषणा करे कि वह पितृसत्ता पर यकीन करता है। इसलिए दुनिया के हर समाज में बेटे और बेटियों की बराबरी समाज की पहली जरूरत बनकर उभरी है। पिछले कुछ दशकों में और विशेषकर संयुक्त राष्ट्र द्वारा लड़कियों और लड़कों की परवरिश में बराबरी के महत्व का जोर देने के बाद करीब-करीब दुनिया की हर सरकार ने लड़कियों की प्रगति के लिए नई-नई योजनाओं की घोषणा की है। आज दुनिया के अधिकांश देशों में लड़कियों के सशक्तिकरण के लिए अनगिनत योजनाएं चल रही हैं। भारत भी इन देशों में शामिल है।

पिछले डेढ़ दशकों में देश ने लड़कियों को महत्व देने वाली एक दर्जन से ज्यादा अलग-अलग तरह की योजनाएं शुरू की हैं। चाहे उनकी शिक्षा की जरूरत हो, चाहे रोजगार में उनकी भागीदारी का सवाल हो और फिर चाहे किसी भी क्षेत्र में उनके प्रवेश की चुनौती हो। हर जगह सरकार ने बेटियों और बेटों के बीच मौजूद भेदभाव को दूर करने की कोशिश की है और काफी हद तक सफलता पाई है।

बेटियां होती हैं अधिक जिम्मेदार

राष्ट्रीय बेटी दिवस एक ऐसा दिन है, जिसके महत्व को बताने के लिए कितने ही शब्द कम पड़ सकते हैं। आखिर कौन मां-बाप होंगे, जो अपनी नन्ही सी परी का जश्न मनाने के लिए किसी दिन के मोहताज होंगे। लेकिन जब ऐसा कोई एक दिन होगा तो निश्चित रूप से हर मां-बाप इसे दिल से प्यार करेंगे। डॉटर्स-डे वास्तव में समाज में बेटी को दिया जाने वाला वह सम्मान है, जिसकी शायद हाल की सदियों में दुनिया ने अनदेखी की थी। इसलिए एक तरह से बेटी दिवस मनाकर मां-बाप अपनी बेटी या बेटियों के प्रति भावनात्मक आभार जताते हैं। ऐसा होना स्वाभाविक है। व्यक्तिगत स्तर पर मम्मी-पापा को लड़कों से ज्यादा लड़कियां ही प्यारी होती हैं, क्योंकि लड़के जहां व्यावहारिक और कम भावुक होते हैं, वहीं लड़कियां कहीं ज्यादा जिम्मेदार और संवेदनशील होती हैं। वे मां-बाप को ज्यादा सम्मान भी देती हैं। वास्तव में यह विशेष दिन इसी बात को याद दिलाने का खास अवसर है कि बेटी हमारे जीवन में कितनी महत्वपूर्ण है।

हर कहीं बेटियां फहरा रहीं परचम

आजादी के बाद भारत में भी बेटियों ने लगातार उन सारी धारणाओं को ध्वस्त किया है, जो यह मानकर चलती थी कि बेटियां, बेटों के मुकाबले कमतर होती हैं। आज कोई ऐसा क्षेत्र नहीं हैं, जहां लड़कियां बढ़-चढ़कर लड़कों के कंधे से कंधा मिलाकर ना चल रही हों। हर क्षेत्र में आज लड़कियां, लड़कों की बराबरी कर रही हैं। इसलिए डॉटर्स-डे बहुत जरूरी और गर्व का दिन बन गया है। *

कविता / सरस्वती

पुरानी मिट्टी की याद

जिस दिन मां-बाप
आंगन में रोपते हैं बेटी
उसी दिन से
फैलने लगती है उसकी जड़ें
पहले आंगन के कोने-कोने
फिर घर के भीतर
और फिर आस-पड़ोस की जमीन में।
जड़ें मज़बूती से मिट्टी को पकड़े रहती हैं
और चेतना की पतियों, शाखाओं में
परिवार पनपता, फूलता रहता है।
जब रोपा हुआ पौधा पेड़ बन जाता है
तो एक दिन अचानक
उस पेड़ को जड़ से उखाड़ कर
उससे यादों की मिट्टी झाड़ कर
लगा दिया जाता है
किसी और आंगन में
किसी और घर में।
उस नई हवा
नई मिट्टी में
जड़ें जमाने में
कई बार तो लग जाते हैं, बरस-बरस
और कई बार
सूख जाते हैं पहचान के सारे पुराने पत्ते।
बड़ी मुश्किल से वह उगाती है
अपने वजूद के नए कल्ले
पर फिर भी
उसकी जड़ें रहती हैं
जीवन भर पुरानी
और पुरानी मिट्टी की याद
जीवन भर नई।

लघुकथाएं

नासमझी

रमा ने जब से मेहमानों के लिए क्रॉकरी सेट निकाल कर मेज पर सजाया था, उसकी सात साल की बेटी पीहू मेज के आस-पास चक्कर काट रही थी। वह जिद कर रही थी, 'मम्मी, इस क्रॉकरी में मुझे खाना परोसो।' रमा ने बेटी को डांट दिया, 'एक बार कह दिया ना कि यह क्रॉकरी मेहमानों के लिए है। तुम स्टील की प्लेट में खाओ।' 'मम्मी, पक्का है कि मैं इसे नहीं तोड़ूंगी। मैं जमीन पर ही बैठ कर खा लूंगी, फिर कैसे टूटेगी क्रॉकरी।' पीहू ने मासूमियत से कहा।

'नहीं, ये बहुत महंगी है, नाजुक है और खाना तो वही है ना, तो फिर प्लेट से क्या अंतर पड़ता है?' रमा झुंझलाते हुए बोली। 'तो फिर आप उन अंकल-आंटी को स्टील की प्लेट में दे दीजिएगा ना।' पीहू अभी भी सफेद रंग की चमचमाती प्लेट पर नजरें गड़ाए हुए थी।

रमा और जोर से गुस्सा गई, उसने खींचकर एक चांटा पीहू के गालों पर जड़ दिया। दुःख और दर्द से बिलबिलाती हुई पीहू वहीं रखे सोफे पर बैठकर सिसक-सिसक कर रोने लगी। तभी भीतर से कमरे में आई मेड शांति बोली, 'दीदी, झाड़ू-पोंछा हो गया है। मैं घर जा रही हूं।'

रमा ने देखा पीहू की ही हमउम्र शांति की बेटी भी पीछे-पीछे कमरे में आ गई। रमा एक डिब्बा शांति को पकड़ाते हुए बोली, 'तुम्हारे लिए चाय के छह नए कप लाई हूं।'

शांति मुस्कुरा दी। वह कुछ कहती, इससे पहले ही उसकी बेटी बोली, 'मां, मुझे दो ना एक कप।' शांति ने तुरंत एक कप निकाल कर उसे पकड़ा दिया। 'अरे, टूट जाएगा। बहुत महंगे हैं! कोई आए-जाए तब इनमें चाय पिलाना।' रमा ने टोका। शांति बेटी के सिर पर हाथ फेरते हुए बोली, 'बाहर वालों को खुश करने के लिए अपनी बेटी को थोड़े ही रुलाऊंगी।'

रमा यह सुनकर सन्न खड़ी रह गई। उसको अपने आप पर बड़ी शर्म महसूस हुई। उसने पीछे मुड़कर देखा तो पीहू रोते हुए सोफे पर ही सो गई थी। रमा ने तुरंत सफेद चमचमाती हुई प्लेट में खाना परोसा और पीहू के पास आ गई। उसे पूरा विश्वास था कि उसकी नन्ही-सी बच्ची अपनी नासमझ मां को जरूर माफ कर देगी। *

– डॉ. मंजरी शुक्ला

बेटी का जन्मदिन

आज रतन की बेटी का जन्मदिन था। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि वह अपनी बेटी का जन्मदिन कैसे मनाए? बेटी के लिए नई फ्रॉक और खिलौने भी खरीद कर लाया। लेकिन ये चीजें उसे संतुष्ट नहीं कर पा रही थीं। उसकी घरवाली ने पूड़ी-सब्जी और खीर बनाई थी। उसने बेटी को अपने हाथों से बहुत चाव से खिलाया। लेकिन बेटी के जन्मदिन की खुशी रतन सबके साथ बांटना चाह रहा था। वह सबको बताना चाहता था, आज उसकी बेटी का जन्मदिन है। लेकिन कैसे बताए, उसे समझ नहीं आ रहा था। तभी अचानक उसके मन में एक ख्याल आया। रतन रिक्शा लेकर चल पड़ा। सवारियां रिक्शे पर चढ़तीं, पैसे देने को होतीं तो रतन मुस्कुराते हुए हाथ जोड़ लेता, बोलता, 'आज पैसे नहीं लूंगा। आज फ्री की सवारी है। आज मेरी बेटी का जन्मदिन है।'

सब उसकी बेटी को ढेर सारा आशीर्वाद देकर चले जाते। शाम होने को थी। एक आखिरी सवारी को उसने घर पहुंचाया। कोई कॉलेज जाने वाली लड़की थी। पैसे देने लगी तो रतन बोला, 'आज पैसे नहीं लूंगा, मेरी बिटिया का जन्मदिन है आज।' यह कह कर रतन अपनी ही धुन में आगे बढ़ गया। लड़की ने रोका, 'रिक्शे वाले भैया, जरा एक मिनट रुकिएगा।'

रतन रिक्शा रोककर खड़ा हो गया। लड़की एक स्टेशनरी शॉप में गई। कुछ कॉपी-किताबें और पेंसिलें खरीद कर वापस आई। इन्हें रतन को पकड़ाते हुए बोली, 'यह कॉपी-किताबें, पेंसिलें ले लीजिए भैया, ये चीजें मेरी तरफ से उपहार स्वरूप अपनी बेटी को दे दीजिएगा। आज उसका जन्मदिन है ना। उसे जन्मदिन मुबारक! उससे बोलिएगा पढ़-लिख कर कुछ बड़ा करे।' बेटी के लिए यह सुनकर और उपहार पाकर रतन मन ही मन गदगद हो उठा। उसने भी उस लड़की को अपना आशीर्वाद दिया, 'बिटिया, खुश रहो, तुम भी खूब पढ़ो-लिखो और अपना नाम रोशन करो।' यह कहते-कहते उसकी आंखें भीग उठीं। *

– रमेश कुमार निषाद

पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण

निकट का संग्रहणीय विशेषांक

हाल में कथा प्रधान त्रैमासिकी साहित्यिक पत्रिका 'निकट' का विशेषांक प्रकाशित हुआ है, जो प्रसिद्ध साहित्यकार प्रियंवद पर केंद्रित है। प्रियंवद एकांतप्रिय होने के साथ, बिना किसी लाग-लपेट के अपनी राय सामने रखने वाले लेखक हैं। पत्रिका के संपादक कृष्ण बिहारी भी बेबाक संपादक हैं। ऐसे में यह अंक विशिष्ट बनना ही था, सो बना भी है। संपादकीय में बिहारी जी ने साहित्यिक खेमेबंदियों, पत्रिका निकालने की दुश्वारियों समेत इस अंक के संयोजन की प्रक्रिया पर भी खुलकर लिखा है। बहरहाल, इस अंक में प्रियंवद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर कई लेखकों के बढ़िया लेख मौजूद हैं। विशेष रूप से राजेंद्र राव, अमरीक सिंह दीप और पंकज चतुर्वेदी के लेख, प्रियंवद के व्यक्तित्व के विभिन्न आयामों को खूबसूरती से अनावृत्त करते हैं। प्रियंवद की तीन चर्चित कहानियां '1934 के न्यूरेंबर्ग में एक जवान होती हुई लड़की', 'अंदर खुलने वाली खिड़की' और 'दिलरस' यहां संकलित हैं। इन कहानियों को पढ़कर सहज ही इस बात का अनुमान लगाया जा सकता है कि प्रियंवद कहानियों की भाषा, उसके शिल्प और छोटे-छोटे मनोभावों को भी बारीकी से व्यक्त करने के लिए कितने सजग रहते हैं। कहना चाहिए कि वे कहानी लिखने से पहले, उसे अपने भीतर जीते हैं। यही वजह है कि उनकी कहानियां मन में स्थायी रूप से अंकित हो जाती हैं। कुछ लेखकों की संक्षिप्त टिप्पणियों के अलावा, पत्रिका में प्रियंवद से किए गए दो विस्तृत साक्षात्कार विशेष रूप से पठनीय हैं। *

पत्रिका: निकट-39 (सितंबर-दिसंबर 2024), **संपादक:** कृष्ण बिहारी, **मूल्य:** 50 रुपए, **संपर्क :** पनकी, कानपुर